MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 311 | ग्वालियर , 04 सितम्बर सोमवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## चंदा मामा की गोद में आराम फरमा रहे लैंडर-रोवर, चंद्रयान-3 ने क्या जानकारियां जुटाई?

चंदामामा की गोद में अब विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर आराम फरमा रहे हैं. दोनों ने पिछले 10 दिनों तक चंद्रमा की रहस्यों को सुलझाने की कोशिश की है. चांद पर अब रात हो गई है, जोकि धरती के 14 दिन के बराबर होती है और वहां तापमान माइनस 200 डिग्री सेल्सियस रहता है. सौर ऊर्जा से चलने वाले रोवर और लैंडर का रात के वक्त कार्य करना मुमकिन नहीं है. ऐसे में प्रज्ञान और विक्रम को स्लीप मोड में सेट कर दिया गया, यानी पार्क कर दिया गया है. आइये जानते हैं कि चंद्रयान-3 ने ऐसी कौन-कौन जानकारियां जुटाई हैं, जिससे मानवता का भला होगा.

आपको बता दें कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 14 जुलाई को चंद्रयान-3 को लॉन्च किया और करीब 40 दिन के बाद चंद्र के साउथ पोल की सतह पर लैंड कर गया था. इसके बाद विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर ने सूर्य की रोशनी में करीब 10 दिनों तक चांद की सतह पर अपना कार्य किया है. अब चांद पर अंधेरा हो गया है, जिसकी वजह से लैंडर और रोवर को शिवशक्ति प्वाइंट पर 100 मीटर की दूरी पर सुला दिया गया है. प्रज्ञान रोवर पर लगे दोनों पेलोड क्स्ङ्ग और स्ध्क्र बंद कर दिए हैं और इसके द्वारा जुटाए गए डेटा लैंडर के जरिये इसरो को भेज दिए गए हैं.



**जानें चांद पर कब होगा सूर्योदय**-चंद्रमा पर 22 सितंबर को सूर्योदय होगा. तबतक के लिए रोवर-लैंडर की बैट्री पूरी तरह से चार्ज है. रोवर-लैंडर को चांद पर इस तरह पार्क किया गया है, ताकि सूर्योदय के बाद सूरज की किरणें सीधे दोनों के सोलर पैनल पर पड़ें. अगर ऐसा हुआ तो दोनों फिर से कार्य करना शुरू कर देंगे. सूर्य की रोशनी के बिना लैंडर-रोवर में लगे उपकरण बेकार हैं. प्रज्ञान रोवर ने पिछले 10 दिनों शिवशक्ति प्वाइंट से 100 मीटर की दूरी तय की है. इसकी रफ्तार एक सेंटीमीटर प्रति सेकंड थी. रोवर और लैंडर ने चांद पर कई महत्वपूर्ण खोज किए हैं. कैमिकल मिश्रण, मिट्टी के प्रकार, तापमान में बदलाव, भूकंप से संबंधित जानकारियां जुटाई गई हैं. चांद पर 26 अगस्त को भूकंप आया था, जिसका पता विक्रम लैंडर के एक पेलोड ने लगाया है. साथ ही चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव की सतह पर सल्फर, एल्युमीनियम, कैल्शियम, आयरन, क्रोमियम, टाइटेनियम की मौजूदगी भी पाई गई है.

## राजस्थान की धरती से अमित शाह की हुंकार, गठबंधन सनातन को खत्म करना चाहता है

**नई दिल्ली।**तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि के सनातन बीमारी है वाले बयान की निंदा जोरों पर हो रही है. इसी कड़ी में राजस्थान में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इंडिया गठबंधन पर हमला बोला है. बेणेश्वर धाम में सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि दो दिन से देश की संस्कृति पर हमला किया जा रहा है. सत्ता के लिए सनातन पर हमला किया जा रहा है. यह घमंडिया गठबंधन सनातन को बदनाम कर रहा, सनातन धर्म को खत्म करना चाह रहा है, लेकिन सनातन धर्म ना खत्म हुआ है और ना आगे खत्म होगा. वोट बैंक और तुष्टिकरण के लिए सनातन धर्म को खत्म करने की साजिश है. घमंडिया गठबंधन किस स्तर तक गिर सकता है.शाह ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर का काम रोक कर रखा. कांग्रेस ने राजस्थान को क्या दिया हिसाब दें. गहलोत सरकार केंद्र सरकार का पैसा खा रही है. राजस्थान में 100 पुराने मंदिर को तोड़ा गया.




**राहुल गांधी पर अमित शाह का हमला**-अमित शाह ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल बाबा ने हिंदू सगंठनों की तुलना लश्कर से की है. अब समय आ गया है इन्हें जवाब देने का. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की लॉन्चिंग हर बार फेल हुई है. किसानों के बैंक अकाउंट में सीधे पैसे भेजे गए. मनमोहन सिंह कहते थे कि बजट पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है, लेकिन हमारी सरकार कहती है बजट पर पहला अधिकार गरीबों का है. पूरे राजस्थान में परिवर्तन का संकल्प लिया है. बता दें कि राजस्थान के दक्षिणांचल स्थित आदिवासी इलाके की 28 विधानसभा सीट में से 16 सीट आदिवासी बाहुल्य है. जिसमें डूंगरपुर जिले की 4, बांसवाड़ा जिले की 5, प्रतापगढ़ की 2 और उदयपुर जिले की 5 सीट शामिल है. राजस्थान का राजनीतिक इतिहास रहा है कि जो इन क्षेत्रों में बढ़त ले लेता है. वह राज्य में सत्ता पर काबिज होता है. ऐसे में हर चुनाव के दौरान आदिवासियों की आस्था का केंद्र बेणेश्वर धाम राजनीति का केंद्र बन जाता है.

## आदित्य-एल1 ने लगाई अंतरिक्ष में छलांग, पहली बार बदली कक्षा




भारत का पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 अपने मार्ग में तेजी से आगे बढ़ रहा है. इसने आज पहली बार दूसरी कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर लिया. इस संबंध में भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने जानकारी साझा की. इसरो ने बताया कि आदित्य- एल1 ने आज पहली बार अपनी कक्षा बदल ली है. अब ये 235×19500 किलोमीटर की कक्षा से सफलतापूर्वक 245×22459 किलोमीटर की कक्षा में पहुंच गया है. जिसे आदित्य-एल1 की सूर्य की ओर पहली छलांग भी कहना उचित होगा. बता दें कि आदित्य-एल1 16 दिनों के दौरान पांच बार अपनी कक्षा बदलेगा. उसके बाद ये एल1 पॉइंट की ओर छलांग लगाएगा.शनिवार (2 सितंबर) को आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग के बाद ये एक घंटा 3 मिनट और 19 सेकंड में पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हो गया था. इसके बाद रविवार को आदित्य-एल1 को थ्रस्टर फायर कर इसकी अगली कक्षा में भेजा गया. बता दें कि आदित्य-एल1 का पूरा कंट्रोल धरती से यानी इसरो से किया जा रहा है. अब आदित्य-एल1 अपनी कक्षाओं को चार बार और बदलेगा. कक्षा बदलने के लिए अगली फायरिंग 5 सितंबर को की जाएगी. उसके बाद 16 दिन पूरे होने पर ये सूर्य की ओर प्रस्थान कर जाएगा.

## रेलवे ने रद्द की दिल्ली जाने वाली 200 से ज्यादा ट्रेनें, जी-20 समिट के चलते लिया गया फैसला

दिल्ली में होने जा रहे जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए तैयारियां जोरों पर हैं. इसके लिए सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं. जी-20 शिखर सम्मेलन का असर रेलवे पर भी पड़ता दिख रहा है. नॉर्दन रेलवे के मुताबिक, जी-20 शिखर सम्मेलन के चलते दिल्ली आने वाली करीब ढाई सौ से ज्यादा ट्रेनों पर इसका असर देखने को मिलेगा. जिसके चलते 207 ट्रेनों को कैंसिल किया गया है. जबकि कई ट्रेनों के रूट को डायबर्ट किया गया है. बता दें कि रेल यातायात पर ये असर 8 सितंबर से लेकर 10 सितंबर के बीच देखने को मिलेगा. क्योंकि इस दौरान राजधानी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है.उत्तर रेलवे रेलवे के मुताबिक, जी-20 शिखर सम्मेलन के चलते 9 सितंबर को 90 से ज्यादा ट्रेनें रद्द रहेंगी. जबकि 10 सितंबर को 100 से ज्यादा यात्री ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया गया है.



इसके अलावा 15 ट्रेनों के टर्मिनल में बदलाव किया गया है. जबकि 6 ट्रेनों को अलग रूट से निकलने का फैसला लिया गया है. इसके अलावा 36 ट्रेनों को अपने गंतव्य से पहले के स्टेशनों पर रोकी जाएंगी.रेलवे के मुताबिक, जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है उनमें ज्यादातर ट्रेनें दिल्ली से हरियाणा के सोनीपत-पानीपत, रोहतक, रेवाड़ी और पलवल रूट पर चलने वाली हैं. इसके अलावा, दिल्ली-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल और रेवाड़ी-दिल्ली एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेनों को 11 सितंबर तर रद्द करने का निर्णय लिया गया है. इसके अलावा 8 से 9 सितंबर के बीच जिन ट्रेनों का आगमन या प्रस्?थान नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से होता है उनमें से कई ट्रेनें अब गाजियाबाद या हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों चलेंगी और यहीं तक आएंगी.

## यूपी के सहारनपुर में 16 साल की लड़की से दुष्कर्म



**सहारनपुर ।**उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के एक गांव में 16 वर्षीय लड़की के साथ 19 वर्षीय लड़के ने उस समय यौन उत्पीड़न किया, जब वह घास काटने के लिए खेतों में गई थी।घटना शनिवार को हुई थी, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना रविवार को दी गई।पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन के अनुसार, लड़की और उसकी एक सहेली जब एक खेत से घास लाने गई थी, विष्णु नाम के युवक ने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया।आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट और आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।एसपी ने कहा कि आगे की जांच जारी है और पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है।

## तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि के सनातन वाले बयान पर बीजेपी का पलटवार, स्टालिन के बेटे को दिया करारा जवाब

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए गए आपत्तिजनक बयान पर बीजेपी ने उन्हें आड़े हाथों लिया है और उनके बयान को उधार का बयान करार दिया है. डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के बयान पर तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष के अन्नामलाई ने तीखी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट किया कि, ÷गोपालपुरम परिवार का एकमात्र संकल्प राज्य की जीडीपी से भी ज्यादा संपत्ति जमा करना है. उदयनिधि स्टालिन, आपके पिता या आपका विचार ईसाई मिशनरियों से उधार लिया हुआ विचार है. उन मिशनरियों का लक्ष्य अपनी विचारधारा को दोहराने के लिए आपके जैसे लोगों को विकसित करना था.÷उदयनिधि के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी के प्रदेश प्रमुख ने कहा कि, ÷तमिलनाडु आध्यात्म की भूमि है. सबसे अच्छी तरह जो आप कर सकते हैं, वह है इस तरह के कार्यक्रम में माइक पकड़ना और अपनी निराशा जताना!÷बता दें कि तमिलनाडु के खेल और युवा मामलों के उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार को चेन्नई में एक सम्मेलन के दौरान सनातन धर्म की तुलना मच्छर से करते हुए कहा था कि, कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता है, उन्हें केवल खत्म किया जाना चाहिए. हम डेंगू, मच्छरों, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते, हमें उन्हें मिटाना है. उसी तरह, हमें सनातन धर्म को मिटाना है. सनातन का केवल विरोध करने के बजाय, इसे खत्म करना चाहिए.उदयनिधि के इस बयान के बाद बीजेपी ने उन्हें आड़े हाथों लिया. इसके बाद चेन्नई से लेकर दिल्ली तर उनके बयान की जमकर निंदा हुई. यही नहीं विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया पर भी उदयनिधि के बयान के बाद आरोप लगने लगे. बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि, ÷स्टालिन इंडिया अलाइंस के मजबूत स्तंभ हैं और उनके बेटे सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से कर रहे हैं.÷ उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पार्टी औरइंडिय अलाइंस के सदस्यों को अपनी राय स्पष्ट करनी चाहिए इसस पहले बीजेपी की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय भी उदयनिधि स्टालिन के बयान की निंदा की और तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि डीएमके के मंत्री भारत की 80 प्रतिशत आबादी के नरसंहार का आवाह्न कर रहे थे. मालवीय ने एक्स पर लिखा, ÷तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे और डीएमके सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को मलेरिया और डेंगू से जोड़ा है.



## G-20 की मेजबानी पर सवाल उठाने वाले चीन और पाक को पीएम मोदी की खरी-खरी, बैठकें कहां होंगी यह हम तय करेंगे

अरुणाचल प्रदेश और कश्मीर में जी 20 की मेजबानी पर पाक और चीन की आपत्तियों को खारिज करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों को खरी-खरी सुना दी. पीएम ने कहा कि देश के किसी भी हिस्से में बैठकें हो सकती हैं. यह हम तय करेंगे. यह भारत का आंतरिक मामला है.नई दिल्ली में 9-10 सितंबर को जी-20 सम्मेलन आयोजित होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन और पाकिस्तान की जमकर लताड़ लगाई. अरुणाचल प्रदेश और कश्मीर में जी 20 की मेजबानी पर पाकिस्तान और चीन की आपत्तियों को खारिज करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सख्ते लहजे में कहा कि हम देश के किसी भी हिस्से में बैठक कर सकते हैं. वह चाहे अरुणाचल प्रदेश हो या कश्मीर. उन्हें यह कहने का कोई अधिकार नहीं है कि राजनयिक बैठकों को किस जगह पर आयोजित करें. यह हमारा आंतरिक मामला है.एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में पीएम ने कहा कि मेजबान



देश के हर हिस्से में राजनयिक बैठकें आयोजित करने का अधिकार है. रूस-यूक्रेन युद्ध से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग संघर्षो को बातचीत और कूटनीतिक के जरिए ही सुलझाया जा सकता है. चुनावों में लोक लुभावने वादों करने वाले सवाल पर पीएम मोदी ने कहा कि इससे तुरंत फायदे तो मिल जाएंगे, लेकिन भविष्य में इसकी आर्थिक और सामाजिक कीमत चुकनी पड़ती है. गरीबों पर इसका भार पड़ता है. गौरतलब है कि 22-24 मई तक भारत ने जी 20 की बैठक श्रीनगर में आयोजित की थी. पाकिस्तान ने कश्मीर में बैठक को लेकर विरोध किया था. इससे पहले मार्च में चीन ने भी अरुणाचल प्रदेश में आयोजित त्न-20 की बैठक पर सवाल खड़े किए थे. भारत ने दोनों देशों की आपत्ति का विरोध करते हुए कहा था कि वह अपने हिस्से में बैठकें आयोजित करने के लिए स्वतंत्र है. यह उसका स्वभाविक निर्णय है. बता दें कि चीन जी-20 का सदस्य देश है, लेकिन पाकिस्तान इस संगठन का सदस्य नहीं है. पाकिस्तान का हितैषी बनकर चीन बचाव करता रहता है. हाल ही में चीन ने पाकिस्तान का बचाव करते हुए कहा था कि कश्मीर विवाद इतिहास से छूटा हुआ है और किसी एकतरफा कार्रवाई से बचते हुए इसे संयुक्त राष्ट्र के निर्णयों के मुताबिक हल करना चाहिए. हालांकि, भारत पहले ही चीन और पाकिस्तान के दावों को खारिज कर चुका है.

### मतदाता जागरूकता के लिए स्टेक होल्डर्स के साथ स्वीप गतिविधियों की हुई बैठक

# कलेक्ट्रेट सभागार में जन अभियान परिषद व अन्य संस्थाओं के साथ हुई बैठक

**पुष्पांजलि टुडे**
**ब्यूरो चीफ राजेश नरवरिया**

**शिवपुरी** - कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को मतदाता जागरूकता को लेकर स्टेक होल्डर्स के साथ स्वीप गतिविधियों की बैठक हुई। यह बैठक जन अभियान परिषद,पर्यटन विभाग,महिला बाल विकास विभाग,अन्य स्वयं सेवी संस्था सहित कई विभागों के साथ मिलकर बैठक की गई,बैठक में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी द्वारा मतदान प्रतिशत बढाने के लिए सुझाव मांगें गए कि पिछले विधानसभा चुनाव में हुआ मतदान प्रतिशत से ज्यादा प्रतिशत बढ़ाना है वह कैसे बढाएं,जिले में शिवपुरी विधानसभा व करैरा विधानसभा का प्रतिशत 75त्न से कम था इन दोनों विधानसभाओं के साथ साथ अन्य विधानसभाओं में भी 80-85त्न तक मतदान बढाना है इसलिए जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित नवांकुर संस्थाओं से भी अपील की है कि आप भी स्वीप गतिविधियों में भाग लिजिए और मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास कीजिए। वहीं कलेक्टर सहाब के द्वारा बताया गया है कि जो अपने शहर के युवा लड़का लडकियां बाहर पढ़ने रह रही हैं उन्हें मतदान करने के प्रति प्रेरित करें क्योंकि लोकतंत्र में सबको अधिकार है मत करने का,तथा कई ग्रामों के लोग काम मजदूरी करने बाहर रह रहे हैं तो उनको मत डालने के लिए जागरूक करें,वहीं जो मतदाता की मृत्यु हो गई तो ऐसे चिन्हित कर उन मतदान सूची लिस्ट से नाम कटवा दें,जिससे भी हमारा प्रतिशत बढ जायेगा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रंगोली,ग्रामीणों क्षेत्रों में रैली,दीवार लेखन सहित अन्य माध्यमों से अपील कर मतदान प्रतिशत बढ़ा सकते हैं मतदाता जागरूकता अभियान में सामाजिक संगठनों का सहयोग रहे।सभी मतदाताओं को जागरूक करें जिससे मतदाता अपना वोट डालें। इस संबंध में रविवार को एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी,जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी,जनपद सीईओ,जन अभियान परिषद आठों विकासखंड समन्वयक उपेंद्र दुबे करैरा,राधा शर्मा,रेखा श्रीवास्तव,अभिलाषा शर्मा,शिशुपाल जादौन,महेश परिहार,राम तिवारी,देवीशंकर शर्मा सहित परामर्शदाता दुर्ग सिंह लोधी,नवांकुर संस्था प्रतिनिधि ब्रजेश लोधी,जनेंद्र योगी,उमेश भार्गव सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा भारी मात्रा में विष्फोटक देशी फटाकों के साथ आरोपी गिरफ्तार



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिहं भदौरिया द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अवैध कार्यों को रोकने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा हैजिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मूले एंव नगर उप पुलिस अधीक्षक अजय भार्गव के मार्गदर्शन में आज दिनांक 03.09.23 को मनियर क्षेत्र में अवैध रूप से बारूद एकत्रित कर विष्फोटक फटाके बनाये व बेचे जाने की जाने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कोतवाली टीआई विनय यादव द्वारा टीम बनाकर मनियर क्षेत्र में कार्यवाही हेतु रवाना की, उक्त पुलिस टीम को मनियर क्षेत्र में घनी बस्ती के बीच में आरोपी घर में काफी मात्रा में विष्फोटक देशी फटाके बेचते हुए मिला,आरोपी से उक्त फटाकों के वैध दस्तावेज न मिलने से समस्त देशी फटाके अवैध पाये गये , जो करीब पाँच प्लास्टिक के कट्टों में अवैध विष्फोटक देशी फटाके भरे हुए थे उक्त बड़ी मात्रा में रखे हुए फटाकों से क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी , तत्काल ही उक्त सामग्री को जप्त किया गया व आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध विष्फोटक अधिनियम के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**सराहनीय भूमिका:**उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली विनय यादव, सउनि महेन्द्र सिहं कुशवाह, सउनि आविद खाँन, प्र. आर. 792 रविन्द्र सिनोरिया, प्र. आर. 649 प्रमोद वर्मा, प्र.आर. 152 जयकिशन राणा, आर 350 मुकेश वर्मा, आर 631 अजय यादव की विशेष भूमिका रही।

# आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस द्वारा ली जा रही है शांति समिति की बैठक



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिहं भदौरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं बिना किसी बाधा के संपन्न कराये जाने एवं लॉ एण्ड आर्डर बनाये रखने के लिए शिवपुरी जिले के प्रत्येक पुलिस अनुभाग के अधिकारियों एवं थाना प्रभारियो द्वारा शांति समिति की बैठक ली जा रहीं हैं ताकि आमजन आगामी त्यौहारों को शांति पूर्वक मना सकें ।आज थाना प्रभारी देहात विकास यादव एवं थाना प्रभारी कोलारस निरी. जितेन्द मावई द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक ली जिसमें शांति समिति के सदस्यों को आगामी त्यौहारों जन्माष्टमी , चेहल्लुम को मद्देनजर रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहमति से रूट एवं विसर्जन स्थलों के निर्धारण के बारे में चर्चा की गई ताकि बाद में कोई टकराव की स्थिति पैदा न हो और त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जा सकें।

# गरीबों को 5 रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन, दीनदयाल रसोई का शुभारंभ

सारनी। अब शहर के गरीब और जरूरतमंद लोगों को 5 रुपए में भरपेट भोजन मिल जायेगा।शासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में दीनदयाल रसोई की शुरुआत शनिवार 2 सितंबर को आमला सारणी विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष जगदीश पवार की उपस्थिति में होगी। दीनदयाल रसोई नवीन केंद्र का शुभारंभ एवं आवासहीन भूमि हितग्राहियों को पट्टो का वितरण कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वेबकॉस्ट के माध्यम से करेंगे। उक्त कार्यक्रम नगर पालिका परिषद सारनी के कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद टप्पा तहसील कार्यालय परिसर मे स्थित नवीन दीनदयाल रसोई केंद्र का शुभरंभ होगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# हाई कोर्ट के दिशा निर्देशों के परिपालन में होगी जाति प्रमाण पत्र की जांच

धनपुरी नगर की राजनीति पूरे जिले में अपना विशेष स्थान रखती है नगर की राजनीति का केंद्र नगर पालिका धनपुरी रहता है। बीते वर्ष नगर पालिका धनपुरी में निकाय चुनाव संपन्न हुए थे कांग्रेस पार्टी के ज्यादा पार्षद जीतकर आने के बाद भी नगर पालिका धनपुरी अध्यक्ष पद का चुनाव भाजपा प्रत्याशी रविंदर कौर छाबड़ा ने जीता था कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी शोभाराम पटेल की हार हुई थी। नगर पालिका अध्यक्ष पद ओबीसी मुक्त आरक्षित हुआ था अध्यक्ष पद के चुनाव के बाद से ही नगर में जाति प्रमाण पत्र फर्जी है चर्चा शुरू हो गई थी कुछ कांग्रेसी नेता चुनाव के पहले ही हाथों में दस्तावेज लहराते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे जाति प्रमाण पत्र को लेकर तरह-तरह के आरोप प्रत्यारोप मास्टर और दौलत भी लगा रहे थे लेकिन किसी को कुछ खास सफलता हाथ नहीं लगी थी धनपुरी नगर के अधिवक्ता कामता रौतेल लगातार आरटीआई के माध्यम से नगर पालिका अध्यक्ष के जाति प्रमाण से संबंधित दस्तावेज प्रशासन से मांग रहे थे

# सारणी गत दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा घोषणा की गई थी कि सावन के महिने में घरेलू गैस सिलेण्डर प्रदेश वासियों को 450 रूपये में दिये जायेंगे

शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के आधार पर जब युवक कांग्रेस एवं आम



जन गैस एजेंसियों पर 450 रूपये के एलपीजी गैस सिलेण्डर लेने पहुंचे तो उनके द्वारा कहा गया कि इस प्रकार के कोई आदेश राज्य शासन ने नही दिये है और वर्तमान में घरेलू गैस सिलेण्डर 450 में उपलब्ध नही है। इस पर युवाओं एवं आम जन का कहना था कि शिवराज सिंह द्वारा पुनः झूठी घोषणा कर वाहवाही लूटी गई। घोषणा करके सारी बहनों को लॉलीपॉप दे दिया इस अवसर पर युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता गैस एजेंसी जा के विरोध प्रदर्शन व भाजपा सरकार की घोर निंदा करती है इस आंदोलन में युवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता वह कांग्रेस पार्षद किरण झारबडे पूर्व ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सारनी फैयाज अंसारी प्रकाश मालवीय राशिद खान रोहन भारती सागर पाटिल राफै बॉक्स अप्पू भाई वह सारे कांग्रेसी कार्यकर्तागण।

## गैस सिलेंडर के दाम कम करने पर युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सिद्धार्थ साहू ने माना मुख्यमंत्री जी का आभार

सारनी सिद्धार्थ साहू ने बताया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा कैबिनेट में राज्य की जनता के लिए अनेको योजनाओ का निर्णय लिया जिसमे 1 महत्वपूर्ण है उज्जवला गैस सिलेंडर का दाम 450 रुपए लेने फैसला के किये जिसके लिए मुख्यमंत्री जी का आभार । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 31 अगस्त को कैबिनेट में उज्ज्वला योजना द्वारा प्रदान किया गया गैस सिलेंडर 450 रुपए किये जाने के निर्णय को मंजूरी देकर 1 ऐतिहासिक कदम उठाया है जिससे उज्ज्वला योजना द्वारा प्रदत्त कनेक्शन वाले परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा । एवं केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर का दाम 200 रुपए कम करने का निर्णय काफी ऐतिहासिक है आये दिन केंद्र सरकार द्वारा एवं राज्य सरकार द्वारा जो निर्णय लिया जा रहा है जिससे समाज एवं देश एक नई ऊंचाई पर पहुच रहा है।।

साल 2014 से पहले जब तक कांग्रेस की सरकार थी तो महिलाओं को चूल्हे का धुआं में रोटी बनाना पड़ता था केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद गैस कनेक्शन की वे ओर निरंतर कार्य करके 2014 से आज तक उज्जवला योजना द्वारा 9 करोड़ 60 लाख से ज्यादा कननेक्शन दिए जा चुके है जिससे माताओ बहनों को चूल्हे के धुआँ से निजात मिली है और आज हर घर मे लगभग गैस कनेक्शन उपलब्ध है जिसके लिए केंद्र एवं राज्य सरकार का तहे दिल से आभार।।

# जवाबदेहीओं के संरक्षण में नन्हालो के भविष्य के साथ किया जा रहा है खिलवाड़

### बरखेड़ा हाट सैक्टर में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बरस रही है सुपरवाइजर पुस्पलाता पाठक की मेहरबानी, ताजा मामला आरोन क्षेत्र के ग्रामीण आंगनवाड़ी केंद्रों का है

जब मीडिया ने आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम खजूरी ग्राम देवरी ग्राम बामुरिया ग्राम रूसिया केंद्रो का औचक निरीक्षण किया तो मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नहीं पाई गई आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चे देखने को ही नहीं मिले जहां तक की कई आंगनबाड़ी तो बंद पाई गई एक दो आंगनवाड़ी में सहायिका मिली मौके पर जानकारी इकट्ठा की तो सामने निकल कर आया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कभी भी इन आंगनवाड़ी केंद्रों पर नहीं आती और आरोन निवास करती हैं। आंगनबाड़ी से संबंधित सभी डॉक्यूमेंट भी इनके घर पर ही रहते हैं वही खाना पूर्ति कर इते श्री कर लेती हैं कुल मिलाकर देखा जाए तो यह चारों आंगनबाड़ी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी हुई है इस बरखेड़ा सेक्टर के अंतर्गत आने वाली इन आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए महिला बाल विकास से पर्यवेक्षक सुपरवाइजर पुष्पलता पाठक अधिकृत हैं लेकिन गुना जिले से मनमर्जी के अनुसार अप डाउन करती हैं और आरोन परियोजना कार्यालय पर ही खाना पूर्ति कर गुना रवाना हो जाती है सूत्र यह भी बताते हैं कि इन केंद्रों पर परियोजना अधिकारी का आशीर्वाद प्राप्त है इसलिए यह अपने मनमाने तरीके से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही बाल संबंधित योजना को पलीता लगा रही है महिला बाल विकास




की जिलाधिकारी प्रभारी डीपीओ आर बी गोयल से भी फोन पर खबर के लिए संपर्क करना चाहा लेकिन उन्होंने मीडिया का फोन उठाना उचित नहीं समझा इसके बाद आरोन विकास खंड के अनुविभागीय अधिकारी मैडम शिवानी पाठक से दूरभाष पर चर्चा कर आंगनबाड़ियों की लापरवाही संबंधित चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मैं आंगनबाड़ी केंद्रों पर जो अनियमितताएं हैं जांच करवायेंगे। जब इस संबंध में परियोजना अधिकारी आरोन डीपीओ अतिराज सेंगर से दूरभाष पर बात की तो उन्होंने सेक्टर प्रभारी को नोटिस जारी करने की बात कही, और वही जब सबलगढ़ टाइम्स ने सेक्टर प्रभारी पुष्प लता पाठक से बात की तो उन्होने आंगनबाड़ी केंद्र बामूरिया की सहायिका प्रभार आगनवाड़ी कयाकर्ता और मध्यान भोजन वितरण करने वाले ग्राम बूडाखेड़ा निवासी मोहन शर्मा को नोटिस जारी करने की बात कही वही हम आपको बता दें कि आंगनवाड़ी सहायिका का कहना है कि ग्राम बामूरिया में एक ही समूह से दो जगह करते हैं मध्यान भोजन वितरण। बामूरिया आंगनवाड़ी में मंगलवार को ही बढ़ता है मध्यान भोजन वही बाकी दीनों मानते हैं छुट्टी। शर्मा जी बने आंगनबाड़ी केंद्र के ठेकेदार। पिछ्ले एक साल से चल रहा है खेल। आरोन महिला बाल के वरिष्ठ अधिकारियों की चुप्पी भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है । वही सूत्र बताते हैं कि आंगनवाड़ी सहायिका की भर्ती आला अधिकारी 20 से 25000 लेकर कर देते हैं अपनी मर्जी से।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंची पीड़ित

नरसिंहपुर। बीते दिवस रात्रि तकरीबन 10:00 बजे ग्राम चौराखेड़ा में शराब पियक्कड़ द्वारा गुंडागर्दी करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंची पीड़ित ने बताया कि यह आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसका नाम महेंद्र लोधी आत्मज चोपसिंह लोधी है उक्त व्यक्ति से परेशान होकर लेखराम लोधी आत्मज मूलचंद लोधी निवासी चौराखेड़ा उक्त घटनाक्रम 23 अगस्त को भी हुआ था जिसकी स्टेशन थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी यदि फिर दर्ज के टाइम पर कोई शक्ति से कार्यवाही की गई होती तो पुनः 27 अगस्त को प्रार्थी लेखराम व उसके परिवार के साथ घटनाक्रम नहीं होता पीड़ित के द्वारा जब संबंधित थाना क्षेत्र से मदद मांगी तो कहा जाता है की 100 डायल कर दो पुलिस आएगी लेकिन गजब बात यह है कि जब हंड्रेड डायल पहुंची तो पुलिस कर्मियों द्वारा पीड़ित को बुलाया और पुलिस के सामने डरे सहमे हुए पीड़ित को अपराधिक प्रवृत्ति रखने वाले महेंद्र लोधी ने कलर पड़कर छाती में दो लात मारकर गिराया और घुसा लाते मारते हुए पीड़ित उसका स्वागत किया ड़लेकिन पुलिस की क्षमता देखो कि पुलिस रोक तक नहीं सकी, जब ऐसे हालात रहेंगे तो अपराधी के और अवैध कारोबारी के हौसले तो बुलंद होंगे ही साहब प्राप्त जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि उक्त अपराधी महेंद्र शराब कारोबारी भी है जिसके कई मामले स्टेशन थाने में दर्ज हैं बावजूद वह चलचित्र की दुनिया से कम रोल नहीं करता इसकी वजह से यह अपने कम थाने से साथ लेता है और अपने गुंडई गांव घर में दिखता है इसके विरुद्ध गांव के लोग गवाही देने तक को तैयार नहीं होती है क्योंकि यह बड़ी घटिया किस्म की हरकतें वह महिला और बच्चियों से झूठे अपराधों में फसाने की धमकी देता है ।

## दतिया में मां पीताम्बरा माई के भंडारे की प्रसादी ग्रहण करने हजारों की संख्या में पहुंचे लोग





दतिया में पीताम्बरा पीठ माता मंदिर पर आज शनिवार को दतिया के लोकप्रिय समाजसेवी युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी व युवा गहोई सेना दतिया के सदस्यों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर देश के नगरीय क्षेत्र के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचे। माई के भक्तों ने जय माई की जयकारे लगाए। इस अवसर भंडारे में आयोजक संजय पहारिया करैरा,अकित गुप्ता,पार्षद संतोष कटारे,उत्सव गहोई,राज सेठ,आदित्य कटारे,सुमित गुप्ता, अनिकेत,रितिक,आयुष,आशीष,अभय गुप्ता नेताजी,यश गुप्ता,देव गुप्ता,निशांत नगरिया, अमन गुप्ता,करैरा नगरपलिका उपाध्यक्ष राजीव सिकरवार व रामप्रताप मिश्रा,पार्षद अरविंद गुप्ता करैरा आदि अन्य सदस्यो और माई के हजारो भक्तों ने प्रसादी ग्रहण करते हुए माई की सेवा में सहयोग किया।

### जवाब देही अधिकारी बच रहे हैं जबाबों से पूर्व सरपंच और रोजगार सहायक की कूटनीति का आखिर कौन देगा जवाब

### आरोन जनपद के अंतर्गत आता हैं पाली गांव

हम आपको बता दें कि ग्राम पंचायत नठाई के अंतर्गत आता है पाली गांव जो अखबारों की सुर्खियां तो बटोर रहा है लेकिन आल्हा अधिकारी आंखें बंद कर बैठे हैं। आखिर गुनहगारों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो पा रही है अब तक, क्या अधिकारी भी चढ़ चुके हैं भ्रीरेष्ट तंत्र की भेंट ड़ पाली गांव में आज दिनांक तक एक भी व्यक्ति को नहीं मिली है पीएम आवास, पीएम आवास के अलावा अन्य कार्यों में भी किया गया है फर्जीवाड़ा, पूर्व सरपंच जसवंत सिंह रघुवंशी और वर्तमान रोजगार सहायक जितेंद्र धाकड़ ने नठाई पंचायत को चढ़ाया भ्रष्टाचार की भेंट, विकास के नाम पर कागजों में कर दी लीपा पोती जब इस संदर्भ में हमने आरोन जनपद नवागत सीओ से बात की तो पिछ्ले दिनों उन्होंने बोला था कि हम जांच करेंगे लेकिन जब पुनः बात करने पर सीओ साहब का कहना है कि हमने अभी तक आपकी खबरें देखी ही नहीं सीओ साहब भी रहे हैं जबाबों से कई बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी शासन प्रशासन की कान पर जूं तक नहीं रेंग रही हैं ।क्या गांधी जी की चमक में आल्हा अधिकारियों की आंखें धुंधली पड़ गई है,2020 में स्वीकृत होई थी प्राथमिक शाला और आगनवाड़ी केंद्र की शौचालय ग्राम पाली में, लेकिन पूर्व सरपंच जसवंत सिंह रघुवंशी और वर्तमान रोजगार सहायक जितेन्द्र धाकड़ की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण अभी तक शोचालय निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है।




# जेल में बंद कैदी की मौत, मजिस्ट्रियल जांच के आदेश!

### पूर्व मे भी हो चुकी हे इस तरह बंदियों की मौत, मौत की वजह हार्ड अटैक ही क्यूँड़

गुना जिला जेल में बंद एक कैदी की मौत हो गयी। उसे गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात अचानक सीने में दर्द उठा था, जिसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। भूरा कंजर अवैध शराब बेचने के मामले में आरोपी था। उस पर अवैध शराब बेचने के तीन मामले दर्ज थे। शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी के अनुसार भूरा कंजर ( 47 ) निवासी राघोगढ़ अवैध शराब बेचने के मामले में जेल में बंद था। उस पर अवैध शराब के अलग अलग तीन मामले दर्ज थे! इसी प्रकार जिला जेल मे पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आए, जिनमे उक्त सभी मौत का कारण हार्ट अटैक ही बताया जाता रहा है, आखिर गुना जेल मे ऐसा क्या है , की कैदियों की मौत हार्ट अटैक के कारण हो जाती है।

# भिण्ड पुलिस की विगत एक माह में अवैध शराब,अवैध हथियार,अवैध मादक पदार्थ एवं स्थायी,फरारी व ईनामी वारण्टियों के विरुद्ध की गयी कर्यवाही

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सैना के दिशा निर्देशन पर मध्य प्रदेश में अपराध पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सहायता के लिये म. प्र. पुलिस सक्रियतापूर्वक कार्य कर रही है। पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन सुशान्त सक्सैना एवं उपपुलिस महानिरीक्षक सुश्री कृष्णावेनी देसावतु के मार्गदर्शन में नागरिको की सुरक्षा और अपराधो पर अकुंश लगाने के लिये भिण्ड पुलिस निरंतर कारवाई कर रही है।

पुलिस मुख्यालय द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा जिला के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को लगातार प्रभावी कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित करते हुये अपने-अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर तंत्र सकिय कर कार्यवाही करने हेतु लगाया गया था जिसमें जिला भिण्ड की अगस्त माह में की गयी कार्यवाही का विवरण निम्नप्रकार है ।

**(1) अवैध शराब के विरुद्ध की गयी कार्यवाही–** विगत एक माह में भिण्ड पुलिस द्वारा 246 प्रकरणों में 250 आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 6672 लीटर अवैध शराब जप्त की गयी है जिनमें–

थाना असबार द्वारा 103 पेटी अवैध देशी शराब जप्त की गयी जिसमें 927 लीटर अवैध शराब मय बुलेरो गाडी शराब की कुल कीमती 10 लाख रुपये जप्त की गयी । थाना देहात द्वारा 39 पेटी अवैध अग्रेजी शराब जप्त की गयी जिसमें 338 लीटर अवैध शराब,कुल कीमती 04 लाख रुपये जप्त की



गयी ।थाना मेहगांव द्वारा 20 पेटी अवैध देशी शराब जप्त की गयी जिसमें 180 लीटर अवैध शराब मय बुलेरो गाडी कुल कीमती 03 लाख 65 हजार रुपये जप्त की गयी । साथ ही भिण्ड जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुये भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त की गयी है।

**(2) एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही**
अवैध मादक पदार्थ पर कार्यवाही करते हुये थाना लहार द्वारा अफीम का उत्पाद (डोढा चूडा) 3600 किलोग्राम मय एक ट्रक टाटा कुल कीमत 2.5 करोड रुपये की जप्त कर कार्यवाही की गयी ।

**(3) अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्यवाही–** विगत एक माह में भिण्ड पुलिस द्वारा 71 अवैध फ़ायर आर्म्स के प्रकरणों में 132 अवैध फायर आर्म्स जप्त किये गये है। साथ ही भारी मात्रा मे एम्युनेशन भी जप्त किया गया।

जिनमें– थाना बरासौ द्वारा एक प्रकरण में 315 बोर के 37 देशी कट्टे, 02 पिस्टल 32 बोर की तथा 07 जिन्दा राउण्ड कुल कीमती 2 लाख 50 रुपये की जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार ।

**थाना लहार द्वारा एक प्रकरण में 315 बोर के 12 देशी कट्टे तथा 02 जिन्दा राउण्ड कुल कीमती 70 हजार रुपये जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।**

थाना गोरमी द्वारा एक प्रकरण में 07 देशी 32 बोर की 03 देशी कट्टा 315 बोर के तथा 06 जिन्दा राउण्ड कुल कीमती 3 लाख 10 रुपये जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

**31 धारधार हथियारों में चाकू /** छुरी भी जप्त की गयी है। साथ ही भिण्ड जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में अवैध हथियारों के विरुद्ध प्रभारी कार्यवाही करते हुये भारी मात्रा में अवैध हथियार जप्त किये गये है ।

**(4) ईनामी / फरारी /** स्थायी वारण्टियों पर कार्यवाही–
विगत एक माह में भिण्ड पुलिस द्वारा स्थायी वारण्टी - 215,गिरफ्तार वारण्टी- 755, फरारी वारण्टी-18 तामील कराये गये है। साथ ही जिला भिण्ड में कुल 22 ईनामी बदमाश 81,000 रुपये के गिरफ्तार किये गये है।

थाना देहात से 27 साल एवं 20 साल से फरार स्थायी वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया है एवं भिण्ड जिले के अन्य थानो द्वारा लम्बे समय से फरार स्थायी,ईनामी,वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया है।

# मालनपुर उद्योग क्षेत्र में विद्युत कंपनी का घरेलू दुकानों पर 7 करोड़ बकाया

**पुष्पांजली टूडे**
**मालनपुर संवाददाता**

**मालनपुर।**उद्योग क्षेत्र मालनपुर क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं को मध्य प्रदेश राज्य सरकार के द्वारा बिजली कंपनी वर्ष 2018 में 120 करोड़ माफ किया जा चुके थे उपभोक्ताओं के इस लालच में विद्युत बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है मालनपुर क्षेत्र में घरेलू एवं कमर्शियल कनेक्शन दोनों को मिलाकर लगभग 7 करोड रुपए बकाया है विद्युत विभाग का जो वसूला जाएगा या माफ किया जाएगा असमंजस में उपभोक्ता विद्युत कंपनी की बड़ी परेशानी

उद्योग क्षेत्र नगर परिषद मालनपुर में उद्योग इकाई बड़ी 75 के लगभग हैं लघु इकाई 125 के लगभग लगी हुई है घरेलू उपभोक्ताओं के कनेक्शन 2800 के लगभग विद्युत कनेक्शन लगे हुए हैं जिसमें 400 कनेक्शन विद्युत कमर्शियल है जिनकी प्रतिमाह विद्युत डिमांड खपत सवा करोड़ की आंकी जाती है जिसमें घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं से मात्र 62,व 63 लाख प्रतिमा वसूली व मुश्किल से हो पाती है जिसमें घरेलू कनेक्शन 2800 में से 10त्न उपभोक्ता बिल भरते हैं सभी का बिल माफी का विधानसभा चुनाव मध्य प्रदेश सरकार की ओर ध्यान आकर्षित रहता है जिस कारण मध्य प्रदेश विद्युत कंपनी के अधिकारियों की सांस फूलती नजर आती है कभी-कभी तो कंपनी के अधिकारियों को वरिष्ठ अधिकारियों का इतना वसूली के लिए दबाव आता है कि वेतन में से पैसा काटने की नौबत आ जाती है उद्योग क्षेत्र मालनपुर में 1311. 272 हेक्टेयर क्षेत्रफल औद्योगिक क्षेत्र घोषित है जिसमें छोटी बड़ी औद्योगिक इकाई 836 . 955 हेक्टेयर जमीन पर स्थापित हैं जिसमें क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था हेतु 2000 पोल जिसमें विद्युत बल्ब स्ट्रीट लाइट लगी है वह छोटा उद्योग इकाई 125 वह बड़ी उद्योग इकाइयों से प्रतिमा 20 करोड़ की वसूली विद्युत कंपनी को आती है जिससे उद्योग क्षेत्र न होता तो 2800 घरेलू विद्युत कनेक्शन एवं 400 कमर्शियल उपभोक्ताओं का अभी तक निवेद मात्र होते जब के घरेलू उपभोक्ताओं 2800 पर ही चार करोड रुपए बकाया राशि कमर्शियल कनेक्शन छोटे-छोटे दुकानदारों पर एक करोड़ 40 लाख की वसूली शेष घरेलू उपभोक्ताओं को मात्र 10त्न बिल भरते हैं शेष भरते ही नहीं इस तरह इस विद्युत कंपनी का उपभोक्ताओं पर 7 करोड़ के लगभग लेना शेष है इस राशि की वसूली पर चर्चा की तो मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के उपमहा प्रबंधक हरिश मेहता ने कहा कि मालनपुर क्षेत्र में औद्योगिक इकाई की वसूली तो सत प्रतिशत हो जाती है परंतु घरेलू कमर्शियल दुकानों की वसूली बकाया करोड़ों रुपए में हो चुकी है जब कानूनी तौर पर शक्ति दिखाओ तो स्थानीय नेताओं तक का दबाव रहता है इधर उपभोक्ता जानबूझकर विद्युत शुल्क नहीं देना चाहता कि सरकार माफ करेगी इस वजह से की इस मालनपुर की 7 करोड रुपए की बकाया राशि शेष है।

**इनका कहना**--घरेलू कमर्शियल का बिल 7 करोड़ के लगभग बकाया है उद्योग इकाइयों से शत-शत शुल्क आ रहा है कंपनी को परंतु राज्य शासन की अनदेखी नहीं कर सकते विधानसभा चुनाव के चलते उपभोक्ताओं को तंग करना अनुचित होगा। हरीश महता
उपमहाप्रबंधक वि वि कं मालनपुर

# सिर्वी समाजजनों की राज्य–सभा सांसद डॉ.सुमेरसिंहजी सोलकी से सौजन्य भेंट

## आईपंथ एवं हरिदासजी स्मारक महेश्वर का सांस्कृतिक महत्व बताया

**पुष्पाजंली टुडे**

बड़वानी । राज्य-सभा सांसद डॉ श्री सुमेरसिंह सोलंकी से सिर्वी समाज के सदस्यों ने सौजन्य भेंट की।समाजजनों ने उन्हे आईपंथ के दसवे दीवान धर्मगुरु श्री हरिदासजी के महेश्वर स्थित स्मारक की सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक महत्ता से अवगत कराया। लोक कल्याण के निमित सादगी, सदाचार एवं नैतिकता से परिपूर्ण जीवन शैली का प्रसार करने के पावन उद्धेश्य से दीवान श्री हरिदासजी का ईस्वी सन 1785 विक्रम संवत 1842 में महेश्वर आगमन हुआ था। यही पर आपने आईमाता के प्रताप से लोकमाता अहिल्याबाई को अपने घोड़े पर सवार होकर पानी पर चलते हुए नर्मदा पार करने का



चमत्कार दिखाया था। लोक प्रसिद्धि से दूर रहने के लिए आपने योगबल से देह त्याग कर समाधि ले ली थी। स्वयं अहिल्याबाई द्वारा नर्मदा के उत्तरी किनारे हरिदासजी का स्मारक निर्मित कराया गया था, जो आज सम्पूर्ण भारत के सिर्वी समाज की आस्था का केंद्र है। राज्य-सभा सांसद महोदय जो कि स्वयं इतिहासविद है ने इस प्रसंग को ध्यानपूर्वक सुना और अभिभूत हुए। इस अवसर पर श्री हरिदासजी स्मारक ट्रस्ट महेश्वर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मण परिहार जाजमखेड़ी, जगदीश जमादारी, किशोर काग एवं हीरालाल देवड़ा (सिवई) उपस्थित थे। सांसद महोदय को सिर्वी समाज की जनसंख्यात्मक जानकारी एवं वडेर प्रणाली के संबंध में प्रस्तुतीकरण भी दिया गया तथा हरिदासजी के जीवन एवं व्यक्तित्व पर महेश्वर ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित ग्रंथ की प्रतियां भी भेंट की गई।

# दबोह थाना पुलिस व आबकारी विभाग की कच्ची शराब पर संयुक्त कार्यवाही





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह–** भिण्ड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री जी के आदेशानुसार एवम आबकारी जिलाधिकारी पंकज तिवारी व एसडीओपी लहार के निर्देशन में दबोह पुलिस व आबकारी विभाग ने रविवार को संयुक्त कार्यवाही करते हुए कच्ची शराब बनाने वाले कंजर डेरा पर छापेमार कार्यवाही की है।बता दें कि रविवार सुबह थाना प्रभारी दबोह परमानन्द शर्मा,उपनिरीक्षक देवेंद्र राठौर व आबकारी उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार प्रजापति व उपनिरीक्षक अजीत यादव अपने दलबल के साथ दबोह क्षेत्र के रेहकोला मंदिर के पास बने कंजर डेरा व करधेन पर



बने कंजर डेरा पर छापेमार कार्यवाही की।जिस दौरान थाना प्रभारी परमानन्द शर्मा ने बताया कि थाना दबोह पुलिस ने मौके से लगभग 75-80 लीटर कच्ची शराब जप्त की।वहीं आबकारी उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि उन्होंने बृहत लहार में कुल 18 लीटर कच्ची शराब व 550 लीटर गुण लहान मौके पर नष्ट किया।आपको बता दें कि बीते रोज पहले भी दबोह थाना पुलिस ने लगातार 3 कार्यवाही जगहों पर कार्यवाही कर कच्ची शराब को जप्त किया था।वहीं आबकारी विभाग की लगातार कार्यवाही जारी है।कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी परमानन्द शर्मा,उपनिरीक्षक देवेंद्र राठौर व आबकारी टीम में उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार प्रजापति व उपनिरीक्षक अजीत यादव व दलबल मौजूद रहा।

# नायक समाज प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ श्रीगंगानगर के अमर पैलेस मे




**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**पाली राजस्थान**

पाली गंगानगर राजस्थान। श्री गंगानगर नायक समाज सम्मान प्रतिभा समारोह आज जिले के श्री अमर पैलेस में पूर्व विधायक सोहनलाल नायक मुख्य अतिथि के रूप में वह महिला कांग्रेस से बदल जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक वशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे जहां उन्हें समाज के लोगों ने भविष्य स्वागत के साथ स्वागत किया इस मौके पर दूर दराज से भारी संख्या में नायक समाज के लोग पहुंचे वही शिक्षा में और सरकारी नौकरी में चयनित हुए सभी लोगों का सम्मान किया गया वह उन्हें सम्मानित किया गया इस मौके पर समाज के वशिष्ठ समाजसेवी प्रेम नायक टेंपू यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ओमी नायक, वह गढ़साना के सरपंच मोटन दास नायक,



सहित भारी संख्या में नायक के लोग मौजूद रहे पूर्व विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को आगे बढ़ाने और राजनीतिक क्षेत्र में अपने समाज के लोगों का साथ देने की बात कही वही महिला नायक समाज की जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक ने महिलाओं को वह बच्चियों को पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए और राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाओं को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए ताकि समाज आगे बढ़ सके और राजनीतिक क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर सके इस मौके पर अखिल भारतीय नायक समाज के जिला अध्यक्ष इंजीनियर लालचंद नायक ने आए हुए सभी समाज के लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया और समाज को राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए समाज के संगठनों की तरफ से राजनीतिक पार्टियों को पत्र लिखने की बात कही और अपने समाज के लिए टिकट की मांग की

# सीरवी समाज बलेपेट वडेर में जल कलश पूजन



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू ।** सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट वडेर में चातुर्मास विराजित संत रामप्रकाश महाराज के सानिध्य में भारतवर्ष की 16 प्रसिद्ध नदियों का जल कलश यात्रा द्वारा कलश यात्रा जो अयोध्या श्री राम जन्मभूमि मंदिर जाएगी। उस पवित्र जल कलश यात्रा का सीरवी समाज ट्रस्ट बलेपेट में अति उत्साह पूर्वक धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। इस पवित्र भक्तीमय अवसर पर महिलाओं ने मंगल भजन गाए। इस अवसर पर वडेर के अध्यक्ष हरीराम गहलोत, सचिव अमराराम चोयल, सह-सचिव भंवरलाल गहलोत उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया, कोषाध्यक्ष मोतीराम लचेटा , सह-कोषाध्यक्ष लक्ष्मण राम सहित बड़ी संख्या में सीरवी समाज के सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारियों को लेकर पुलिस का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारियों के क्रम में भिण्ड जिले में शांति पूर्ण ढंग से सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु चुनाव आयोग मध्यप्रदेश एवं प्रशिक्षण शाखा पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में जिला पुलिस बल के समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस थाना प्रभारीगण एवं अन्य समस्त पुलिस कर्मचारीगण ( मैदानी एवं रिर्जव स्टॅाफ) के लिये फेज-3 लेवल का विस्तृत चुनाव सुरक्षा ड्यूटी प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार कर दिनांक 21/08/2023 से अनुभाग एवं उसके अंतर्गत थानावार चुनाव प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त चुनाव प्रशिक्षण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी भिण्ड की प्रशिक्षण टीम के सहयोग से जिला पुलिस बल की प्रशिक्षण टीम द्वारा प्रतिदिन 11 बजे से 05 बजे तक विभिन्न अनुभाग एवं थानों पर पूर्व सूचना एवं तैयारी के साथ चुनाव सुरक्षा ड्यूटी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभी तक जिले के समस्त अनुभागों एवं लगभग 20 थानों के लगभग 500 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को चुनाव सुरक्षा ड्यूटी प्रशिक्षण दिया जा चुका है जिसमें लगभग 300 लोगों को अनुभाग तथा थानों पर तथा दिनांक 21/08/2023 को पुलिस कंट्रोल रूम भिण्ड में एवं दिनांक 26/08/2023 को मालनपुर में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के उपस्थिति में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस थाना प्रभारीगण निरीक्षक, उपनिरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण को 100-100 की संख्या में कुल 200 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण के साथ सयुक्त प्रशिक्षण दल के प्रोफेसर डॉ. आर.एस. राठौर,प्रो.डॉ. रविकांत सिंह एवं दल के अन्य सदस्यों के साथ पुलिस चुनाव सैल प्रभारी सूबेदार इन्द्रपाल सिंह रक्षित निरीक्षक अरविंद सिंह सिकरवार तकनीकी सहायक आरक्षक अनूप,आरक्षक प्रशांत सिंह के साथ प्रोजेक्टर पर लघु प्रशिक्षण फिल्म,संवाद,पूर्व के चुनाव



में जारी निर्देशिकाओं के कॉमन विवरण तथा अभी तक आगामी चुनावों हेतु प्रदेश एवं जिले के मुख्य निर्वाचन पदाअधिकारी / अधिकारी तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा प्राप्त निर्देशों के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दिनांक 04 एवं 05/09/2023 को जिला मुख्यालय पर आयोजित 02 दिवसीय वृहद चुनाव प्रशिक्षण में जिले शेष 08 थानों, पुलिस लाइन एवं विभिन्न पुलिस कार्यालयों के लगभग 800 की संख्या में पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।उक्त चुनाव प्रशिक्षण में विशेषज्ञ प्रशिक्षण दल द्वारा मतदान पूर्व जिले की 05 विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्रों की प्रकृति एवं पूर्व के चुनाव इतिहास तथा वर्तमान परिस्थितियों के आकलन के पश्चात बल्नरेबिलटी मैपिंग के आधार असमाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों, अवैध शराब, हथियार, धन के दुरूपयोग को रोकने तथा कमजोर वर्गो के मतदाताओं में दहशत, दबाव एवं लोभ मुक्त वातावरण तैयार करने हेतु एसएसटी, एफएसटी, नाको की भूमिका लगातार पुलिस चैकिंग अभियान, गुन्डा, असामाजिक तत्वों तथा फरारी, इनामी एवं स्थाई वारंटियों के विरूद्ध धरपकड अभियान, जिला बदर की कार्यवाही करना साथ ही जिले की सीमा से लगने वाले प्रदेश एवं अन्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों के पुलिस प्रशासन से समन्वय मीटिंग एवं अपराधिक तत्वों की जानकारियों का आदान प्रदान,नाको पर प्रभावी चौकिंग आदि विन्दुओं के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया के दौरान लागू होने पर आदर्श आचार सहिता का सम्पूर्ण पालन, उस दौरान मिले निर्देशों का क्रियान्वयन तथा जिले में होने वाले व्हीआईपी मूवमेंट एवं चुनावी सभाओं में निष्पक्ष रहकर आदर्श आचार सहिता का पालन स्वयं करना एवं कराना, मतदान के दौरान पोलिंग बूथों पर ड्यूटी के दौरान क्या करे क्या न करे के विस्तृत बिन्दुओं पर जानकारी के साथ मतदान सुरक्षा ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण निष्पक्ष रहकर कैसे कार्य करे साथ ई.व्ही.एम. से चुनाव प्रक्रिय की संक्षिप्त जानकारी के साथ मतदान बाद मतगणना की समाप्ति एवं आदर्श आचार सहिता के समाप्त होने तक किस तरह के अनुशासन से चुनाव सुरक्षा ड्यूटी करना है समस्त बिन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## संपादकीय



**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

कविता मन की बानगी शब्दों का संसार ।
काव्य कर्म ही धर्म है कवि का हृदयागार।
÷एक तरफ तो खाई है गहरी दूजी और कुआं है।
जीवन के पथरीले पथ पर चलना कठिन हुआ है। ÷1
धर्म नीति की राह न भटके, वही सहज व्यवहारी है ।
सरल सहज समरस जीवन ही होता पर हितकारी है।2
पूत सपूत हो नहीं सुनिश्चित, पर एक बात अटल है ।
जीवन में उजियारा लाती बेटी है तो कल है।3

**मुक्तक॰**

वतन के काम जो आए वही अनुपम जवानी है ।
चमन के फूल सा महके सफल जीवन निशानी है।
यहां जो भी चला आया उसे जाना सुनिश्चित है
मगर रह जाएगी सब की अलग जीवन कहानी है।

**दोहा**

कविता मन की बानगी शब्दों का संसार ।
काव्य कर्म ही धर्म है कवि का हृदयागार।

उपरोक्त गीत एवं मुक्तक, दोहे, कविताएं आदि आकाशवाणी ग्वालियर एवं दूरदर्शन मध्य प्रदेश द्वारा प्रसारित हुए हैं। स्थानीय समाचार पत्रों एवं विशेषांकों में निरंतर अपनी कविताओं एवं स्तंभों का लेखन व प्रकाशन जारी है। अनेक साहित्यकारों व मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी की पाठक मंच योजनांतर्गत प्रदाय की गई पुस्तकों पर समीक्षा एवं चर्चा आदि निरंतर 15 वर्षों से जारी है। वर्तमान में जल संसाधन विभाग में विद्युत यांत्रिक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं।

## जिंदगी में कभी कभी उठने के साथ-साथ गिरना भी जरूरी होता है



जिंदगी में गिरना भी जरूरी होता है,
गिरकर उठना भी जरूरी होता है, उठकर चलना भी जरूरी होता है,
जिंदगी की यही चाल हैं,
यूहीं नहीं थम जाती सांसें किसी की,
पर उन सांसों को छोड़कर, अपनों को छोड़कर जाना भी जरूरी होता है,
आखिर चाहती क्या है मुझसे यह जिंदगी,
बार-बार गिराती है, बार बार उठाती है,
फिर भी इसका साथ निभाना क्यूं जरूरी होता है,
यूं तो ख्वाब है ये जिंदगी,
देखना हर किसी के बस में होता है,
पर इसे पूरा कर पाने वाला ही सिकंदर होता है,
कुछ ऐसे भी ख्वाब हैं,
जिन्हें शायद पूरा न कर सकें हम,
जब पूरा न कर सकें,
तो इन्हें निभाना क्यूं जरूरी होता है,
भगवान ने छीना तो मुझसे बहुत कुछ,
जब छीनना ही था, तो देना क्यूं जरूरी होता हैं,
यूं तो उलझी सी है ये जिंदगी,
तो क्यूं ना इसे सुलझा के ही देख लिया जाए,
क्या पता यही पता चल जय की दुनिया में आना क्यूं जरूरी होता हुआ है

**कल्पना भदौरिया**

# राष्ट्र निर्माण की सूत्रधार नारी, योग्य माता, योग्य राष्ट्र की निमात्री

**संजीव ठाकुर**

> *किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे।*

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन–पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ–साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ–साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी



बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी। वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यों से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है। यह कहने में कतई गुरेज नहीं है कि महिलाएं राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, चिकित्सकीय, और विज्ञान में देश के हित के लिए अग्रणी रही हैं। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को नमन करते हुए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें साधुवाद प्रदान कर उनकी इस भूमिका को प्रणाम करता है।

# थम नहीं रही किसानों की आत्महत्याएं

**आदित्य नारायण**

बाढ़ हो या सूखा इसका खामियाजा अन्नदाता किसान को ही भुगतना पड़ता है। अब अलनीनो ने कहर बरपा दिया है। 1901 के रिकार्ड के अनुसार भारत का अब तक का सबसे शुष्क अगस्त का महीना हो गया है। इस महीने में 33 प्रतिशत से अधिक बारिश की कमी हो चुकी है। अगस्त में देशभर में 108.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है जो सामान्य 241 मि.मी. के मुकाबले 33 प्रतिशत कम है। सितम्बर के महीने में भी बारिश की संभावना कम है। अब के वर्ष सावन में रूठे बदरा... पहले मानसून की असामान्य बारिश से कई राज्यों में भयंकर बाढ़ से नुक्सान पहुंचा। हिमाचल, उत्तराखंड में वर्षा ने अपना प्रकोप दिखाया। सैकड़ों जानें गईं और अरबों की सम्पत्ति का नुक्सान हुआ। अब स्थिति यह है कि कई राज्यों में सूखे की स्थिति है। दक्षिण भारतीय राज्य और महाराष्ट्र में सूखे की स्थिति से अन्नदाता परेशान हो उठे। इससे पहले साल 2009 का अगस्त महीना भी गंभीर सूखा रहा था। उस वर्ष अगस्त माह में वर्षा 192.5 मिमी दर्ज हुई थी, जबकि 2005 में यह 190.1 मिमी थी। इस साल 1–19 अगस्त तक देश में कुल बारिश 106.2 मिमी (36: कम) रही है, जबकि सामान्य बारिश का औसत 166 मिमी है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मॉनसून के अपने सामान्य मार्ग से भटकने को प्रशांत महासागर में एक मजबूत अलनीनो घटना के उद्भव के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। अलनीनो का मॉनसून पैटर्न को बाधित करने और प्रत्याशित मौसमी वर्षा को बाधित करने का इतिहास रहा है। इससे मानसून गर्त अपनी नियमित स्थिति में बहाल हो जाता है, जो विराम के दौरान हिमालय की तलहटी में स्थित हो जाता है। हालांकि यह मॉनसून की ताकत को पूरी तरह से बहाल करने में विफल रहा है। जबकि भारत के अधिकांश हिस्सों में जल्द ही सामान्य से नीचे का एक और चरण शुरू होगा। सबसे ज्यादा हालत महाराष्ट्र में खराब है। कर्ज में डूबे किसानों की आत्महत्याओं का ध्सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। विदर्भ के चन्द्रपुर क्षेत्र में पिछले 7 महीनों में 73 किसानों ने आत्महत्या कर ली है। इस साल विदर्भ में 1567 किसानों ने अपनी जान दी है। यवतमाल में 83 दिन में 82 किसानों ने जान दी है। एनसीआरबी के डाटा के मुताबिक, 2021 में 5563 खेतिहर मजदूरों ने आत्महत्या की। यह 2020 की तुलना में 9: ज्यादा था, वहीं 2019 की तुलना में 29: ज्यादा, सबसे ज्यादा 1424 खेतिहर मजदूरों ने महाराष्ट्र में जान दी। वहीं कर्नाटक में 999 खेतिहर मजदूरों ने आत्महत्या की और आंध्र प्रदेश में 584 ने जान दी। दरअसल इसको समझने की जरूरत है कि ये खेतिहर मजदूर कौन हैं। ये वही किसान हैं जिन्हें जमीन से जब मुनाफा नहीं होता तो खेती छोड़कर मजदूरी करने लगते हैं, लेकिन वहां भी इन्हें बहुत कुछ नहीं मिलता है। महाराष्ट्र में 830 किसानों ने जनवरी से अप्रैल के बीच आत्महत्या की है। औसतन हर रोज सात किसानों ने जान दी है। सरकार एक लाख रुपए का मुआवजा देती है। 2006 के बाद मुआवजा राशि बढ़ाई ही नहीं गई। जिन किसानों पर तीन–तीन लाख का कर्ज था उनका मुआवजा लंबित था। मजबूर होकर उन्होंने मौत को गले लगा लिया। अन्नदाता का भूखा होकर आत्महत्या करना देश और समाज के लिए खतरे की घंटी है। कोई यूं ही नहीं मर जाता? मनुष्य जीवन परमात्मा की सबसे बेहतरीन कृति है। जो अन्नदाता देशभर के लोगों का पेट भरते हैं उनको खुद पेट पालना मुश्किल हो जाए, इससे बड़ी विडम्बना क्या हो सकती है? महाराष्ट्र के अलावा कर्नाटक, ओडिशा आदि राज्यों में सूखे की स्थिति है। दक्षिण भारत में सामान्य से 17 प्रतिशत कम बारिश हुई है। जबकि मध्य भारत में सामान्य से 8 प्रतिशत कम बारिश हुई है। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से 17 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

भारत में खेत, तालाब और जलस्रोतों को भरने के लिए जरूरी पानी का 70: बारिश से पूरा होता है। अगस्त में दक्षिण, पश्चिम और मध्य भारत में बेहद कम बारिश हुई है। मानसून शुरू होने के बाद किसान धान, मक्का, सोयाबीन, गन्ना, मूंगफली वगैरह की बुआई करते हैं। लंबे समय तक सूखे की वजह से उर्वरा शक्ति मिट्टी में नहीं बची जिससे फसलों की ग्रोथ प्रभावित हुई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि फसलें बारिश के लिए लालायित हैं, इसमें जरा भी देर उत्पादन को घटा सकती है। जिसका नतीजा खाद्यान्न में महंगाई के रूप में देखने को मिलेगा। कम से कम 9 राज्यों ने इस वर्ष अप्रैल और मई में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठकों से पूर्व ही केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर कहा था कि वर्ष 23–24 के लिए खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ाई जानी चाहिए। इन राज्यों ने कहा था कि केन्द्र द्वारा तय की गई एमएसपी पर्याप्त नहीं है। कभी किसानों को अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं घ्मलता, कभी नुक्सान का पर्याप्त मुआवजा नहीं मिलता। ऐसे में अन्नदाता करे तो क्या करे। जरूरत है, कृषि केन्द्रित नीतियों को पुनः सही ढंग से तैयार करने और उन्हें लागू करने की।

# छात्रों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति चिन्ताजनक

**ललित गर्ग**

> *साल 2020 में 12500 से अधिक, तो 2021 में 13,000 छात्रों ने आत्महत्या की। ये आंकड़े नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो के हैं।*

नया भारत–सशक्त भारत बनाने की बात हो रही है, नई शिक्षा नीति–2020 को प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा, शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हुए उस पर सर्वाधिक ध्यान दिया जा रहा है। लेकिन इन सब प्रयत्नों के बावजूद चिंता की बात यह है कि पूरे देश में खुदकुशी करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ रही है। साल 2020 में 12500 से अधिक, तो 2021 में 13,000 छात्रों ने आत्महत्या की। ये आंकड़े नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो के हैं। कोटा में इसी रविवार को दो और छात्रों ने खुदकुशी कर ली। इसके साथ इस साल कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या 23 हो गई है, जो बहुत ही गंभीर मसला है। राजस्थान की इस शिक्षा नगरी में दो महीनों में 9 छात्रों ने सुसाइड कर चुके हैं। यहां लगातार छात्र आत्महत्या कर रहे हैं, इसके पीछे सरकार, प्रशासन या कोचिंग इंस्टिट्यूट की लापरवाही है या कुछ और? सुसाइड हब बन रहे कोटा के इस स्याह पक्ष को लेकर अब इस आपदा का हल तो ढूंढ़ना होगा। ऐसा नहीं है कि महामारी बनती इस समस्या के कारण हमें नहीं पता। आजादी के अमृतकाल को सार्थक करने में शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकारा जा रहा है, कहा भी जा रहा है कि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार भी है जिससे इंसान न केवल खुद को, बल्कि समाज, राष्ट्र एवं दुनिया को भी बदल सकता है। फिर शिक्षा के आसपास ऐसी कौन–सी विसंगतियां एवं विडम्बना है कि छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है। सब जानते हैं कि शिक्षा के व्यवसाय बनने से उसमें अनेक कुचेष्टाएं प्रवेश कर रही हैं, छात्रों से अच्छे परीक्षा परिणाम देने का दबाव बनाया जा रहा है, अधिक प्रतिस्पर्धा एवं होड ने छात्रों पर प्रेशर बनाया है, इसके साथ ही किस तरह से पैरंट्स अपने सपने बच्चों पर थोपते हैं। उन्हें आईआईटी, एनआईटी या मेडिकल में ही बच्चों का सुनहरा भविष्य दिखता है, जिसे साकार करने के लिए कई अभिभावक कर्ज भी लेते हैं। मां–बाप के सपनों से दबा स्टूडेंट जब कोचिंग संस्थानों में पहुंचता है तो उस पर तैयारी और टेस्ट का प्रेशर डाला जाता है और यह कह कर भी डराया जाता है कि जेइइ या एनइइटी दुनिया की सबसे मुश्किल परीक्षाएं हैं। किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था की कामयाबी इसमें है कि शुरुआती से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा हासिल करने के मामले में गलाकाट प्रतिस्पर्धा एवं जटिलता की बजाय सहजता हो। अगर किसी वजह से पढ़ाई करने या उसमें सफलता हासिल करने में किसी विद्यार्थी के सामने अड़चनें आ रही हों तो उसे दूर करने के उपाय किये जाएं। लेकिन बीते कई दशकों से यह सवाल लगातार बना हुआ है कि एक बड़ी तादाद में विद्यार्थी स्कूल–कॉलेजों में बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं और अपने अभिभावकों से नजरें ना मिला पाने के डर से आत्महत्या कर लेने हैं। इस मसले पर सरकार से लेकर शिक्षा पर काम करने वाले संगठनों की अध्ययन रपटों में अनेक बार इस चिंता को रेखांकित किया गया है, लेकिन अब तक इसका कोई सार्थक हल सामने नहीं आ सका है। प्रशासन से लेकर कोचिंग इंस्टीट्यूट के संचालक तक किसी के पास इसका जवाब नहीं है कि आखिरकार यहां सुसाइड के मामलों में लगातार इजाफा क्यों हो रहे हैं। छात्रों के द्वारा अगर लगातार ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं तो साइकोलॉजिकल काउंसलिंग क्यों नहीं कराई जा रही है। इस संबंध कोचिंग संस्थान और प्रशासन की तरफ से कोई पहल क्यों नहीं की जा रही है? जहन में एक ही सवाल बार–बार उठता है कि आखिर बच्चों पर प्रेशर बनाता कौन है? कोचिंग इंस्टीट्यूट की तरफ से पढ़ाई का दबाव रहता है या फैमिली प्रेशर से या फिर मनचाहे परीक्षा परिणाम नहीं मिलने पर छात्र इस कदर दबाव में आ जाते हैं कि सुसाइड जैसे कदम उठा लेते हैं। कुछ छात्र तो अपने सपनों को पूरा करने के लिए इतने प्रेशर में आ जाते हैं कि रिजल्ट आने से पहले ही आत्महत्या जैसा कठोर, त्रासद एवं खौफनाक कदम उठा लेते हैं। पुणे स्थित कंसल्टेंसी फर्म इनफिनियम ग्लोबल रिसर्च का अनुमान है कि इस साल के आखिर तक कोचिंग इंडस्ट्री का कारोबार 58,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा होगा। यानी कोचिंग संस्थान समृद्ध एवं शक्तिशाली है कि वे चाहें तो बच्चों की मेंटल हेल्थ सुधारने के लिए पहल कर सकते हैं। वे ऐसे छात्रों की मॉनिटरिंग भी कर सकते हैं, जिनका टेस्ट स्कोर कम हो और जो अक्सर क्लास से गायब रहते हों। ऐसा भी नहीं है कि कोटा के कोचिंग संस्थानों की ओर से इस तरह की पहल नहीं हुई है, लेकिन स्पष्ट है कि ये नाकाफी साबित हो रहे हैं। विडम्बना तो यह है कि आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं केवल कोचिंग संस्थानों में ही नहीं हो रही है बल्कि आइआइटी, एनआइटी और आइआइएसईआर, आइआइएम व केन्द्रीय विश्वविद्यालय और इनके जैसे स्तर के उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र भी आत्महत्या कर रहे हैं।

# ओम शांति ब्रह्माकुमारी आश्रम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी की योजना कार्यक्रम रखा गया जिस कार्यक्रम में संचालिका ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने आए हुए सभी भाई बहनों को कृष्ण जी की विशेषताओं के बारे में बताया कि किस प्रकार कन्हैया जी सभी के साथ मिलजुल कर रहते थे, सदा मुस्कुराते थे और कभी विघ्नों से घबराते नहीं थेद्य इसी प्रकार हमें अपने जीवन में सदा मुस्कुराना है और परेशानियों से घबराना नहीं है द्य कार्यक्रम में पधारे भाजपा मंडल अध्यक्ष पोरसा रामकुमार गुप्ता ने कहा परिवार को स्वर्ग बनाएं, नरक नहीं द्य बुराइयों का त्याग करें द्य भगवान श्री कृष्णा ने वृंदावन में कई लीला की भगवान श्री कृष्णा और सुदामा की मित्रता को लोग याद करते हैं कैसी मित्रता किसी ने नहीं देखी किसी के साथ अच्छाइयों को लेकर आए द्य पूर्व कमांडेंट यदुवंशी ने सभी भाई बहनों को प्रतिदिन राजयोग का अभ्यास करने के लिए आग्रह किया सभी को जीवन में सच्ची शांति के लिए व्यर्थ बातों से दूर रहने के लिए कहा द्य एवं कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रेखा बहन ने कहा हमें रोज ताली अवश्य बजाना चाहिए द्य इससे हमें स्वास्थ्य का लाभ होता हैद्य कार्यक्रम में पूर्व बैंक मैनेजर यादराम कुशवाहा , मुकेश भाई जी, महेश भाई , सतनाम भाई जी उपस्थित थे द्य कार्यक्रम में बच्चों ने श्री कृष्ण की लीला पर बहुत अच्छे नृत्य किया तथा श्री कृष्ण जी की आरती उतारी गई और सभी को प्रसाद दिया गया

# मऊगंज जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

**रीवा।** मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा आबकारी वृत्त मऊगंज में कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 13 प्रकरणों में 131 देशी प्लेन मदिरा,70 पाव गोवा एवम 1710 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख 88 हजार 715 रुपए हैकार्यवाही के दौरान ग्राम पटेहरा में बंसी साकेत के रिहायशी मकान से 55 देशी प्लेन मदिरा तथा 26 गोवा व्हिस्की,अमृत लाल साकेत रिहायशी मकान से 51पाव देशी प्लेन मदिरा तथा 24 पाव गोवा विस्की, ग्राम हर्रई मे सीता कली के रिहायशी मकान से 25 पाव देशी प्लेन मदिरा तथा 20 पाव गोवा व्हिस्की,ग्राम बदौर मे राजवती सिंह के रिहायशी मकान से 60 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 05लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा रामदेव सिंह के रिहायशी मकान से 200 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम बहेरा ढावा मे आरती कोल के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम



हर्रई मे अरुना साकेत के रिहायशी मकान से 200 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम चिरहा टोला मे लल्लू रावत के रिहायशी मकान से 60 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम हर्रई प्रताप मे वंश राज सिंह के रिहायसी मकान से 200 किलोग्राम महुआ लाहन,ललिता साकेत के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन,रघुराई साकेत के रिहायशी मकान से 300 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम दुधमनिया मे लक्ष्मी साकेत के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 05 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,ग्राम बदुआर मे बाबूलाल सिंह के रिहायशी मकान से 400 किलोग्राम महुआ लाहन,बरामद कर प्रकरण कायम किये गये।

सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के आसवन,विक्रय,परिवहन एवं



संग्रह के विरूद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक गोकुल प्रसाद मेघवाल आरक्षक वेदप्रकाश तिवारी, अखिलेश शुक्ला,महिला आरक्षक पूनम अग्रवाल उपस्थित रहे।

# चित्रकूट के मजगामा में जन आशीर्वाद रैली को हरी झंडी दिखाए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

सतना जिले के चित्रकूट विधानसभा के मिचकारिन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी ने जन आशीर्वाद रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जान और आशीर्वाद में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित सिंधिया मध्य प्रदेश के मंत्री राजेंद्र शुक्ला मध्य प्रदेश के मंत्री रामखेलावन पटेल विधायक विक्रम सिंह सांसद गणेश सिंह सहित कई सांसद और विधायक मौजूद रहे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी ने चित्रकूट पहुंचकर भगवान कामतानाथ का पूजा अर्चना कर जन आशीर्वाद सभा में पहुंचे

# पाली भाजपा जिला स्तर पर परिवर्तन संकल्प यात्रा के लिए दी गई जिम्मेदारी

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**
**नेनाराम सिरवी**

**पाली राजस्थान।** पाली भारतीय जनता पार्टी पाली जिला परिवर्तन संकल्प यात्रा 2023 के जिले में विभिन्न पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई जिला सगढन प्रभारी रविंद्र सिंह बालावत व जिला मंसाराम परमार की देख रेख मे समिति को विभिन्न कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी। जिला प्रवक्ता त्रिलोक चौधरी ने बताया कि जिला समिति में जिला संयोजक सुनील भंडारी सहसंयोजक घीसू लाल मेघवाल स्वागत प्रमुख दिलीप सोनी कार्यक्रम प्रमुख पूनम सिंह परमार सभा प्रमुख महावीर सिंह वाहन प्रमुख सुरेश चौधरी प्रचार प्रमुख जयवर्धन रांकावत रुट प्रमुख पंकज त्रिवेदी आवास प्रमुख राजेश तंवर भोजन प्रमुख नारायण कुमावत मीडिया प्रमुख त्रिलोक चौधरी तथा



सोशल मीडिया प्रमुख इंद्रजीत राव प्रशासनिक प्रमुख नरपत सिंह राजपुरोहित कार्यालय प्रमुख रामकिशोर साबू अतिथि प्रमुख गिरीश अग्रवाल डॉक्यूमेंट्री प्रमुख मुकेश नाबरिया तथा मोर्चा समन्वयक निशांत दवे को परिवर्तन संकल्प यात्रा की जिम्मेदारी दी गई। परिवर्तन संकल्प यात्रा 11 सितंबर 12 सितंबर को पाली जिले के सभी विधानसभा में पहुंचेगी। इसके साथ ही विधानसभा स्तर पर भी विभिन्न कमेटियों को गठन करने का निर्देश दिया गया। ताकि परिवर्तन यात्रा सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके ।सभी विधानसभाओ मे आम सभा होगी तथा जगह जगह स्वागत किया जायेगा

# जनसंपर्क मंत्री ने किया वाटरफ्लाई पार्क का लोकार्पण तथा रेप्टाईल पार्क का शिलान्यास

**मुकुन्दपुर व्हाइट टाइगर सफारी को सफेद बाघों का ब्रीडिंग सेंटर बनाये – मंत्री राजेंद्र शुक्ल**

**रीवा ।** जनसंपर्क तथा पीएचई मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी मुकुन्दपुर में वाटर फ्लाई पार्क का लोकार्पण किया। मंत्री श्री शुक्ल ने वहां 3 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जा रहे रेप्टाईल पार्क का भूमिपूजन किया इसमें 12 किस्मों के साँप रखे जायेंगे। मंत्री श्री शुक्ल ने व्हाइट टाइगर सफारी को दिल्ली से प्राप्त सफेद बाघ को बाड़े में छोड़ा इस अवसर पर मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि व्हाइट टाइगर सफारी में आज सफेद बाघ के रूप में नया मेहमान आया है। ग्वालियर से शीघ्र ही सफेद बाघों का नया जोड़ा मिलने की उम्मीद है। व्हाइट टाइगर सफारी को सफेद बाघों का ब्रीडिंग सेंटर बनाये। इस दिशा में वन विभाग के विशेषज्ञ लगातार प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों के फलीभूत होते ही व्हाइट टाइगर सफारी को विश्व में अनूठा स्थान प्राप्त हो जायेगा।मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि व्हाइट टाइगर सफारी की स्थापना वर्ष 2016 में की गयी थी तब से लगातार इसका विकास और विस्तार किया जा रहा है। इसमें लगभग 250 वन्य प्राणी हैं। आज वाटर फ्लाई पार्क का शुभारंभ किया गया है यह विश्व स्तरीय पार्क है। इसके साथ ही रेप्टाईल पार्क निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया गया है। व्हाइट टाइगर सफारी के निर्माण के बाद विन्ध्य में 46 सालों के बाद सफेद बाघों की वापसी हुई। इसके विकास के लिए लगातार प्रयास किये जाते रहेंगे। समारोह में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने कहा कि व्हाइट टाइगर सफारी विन्ध्य क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में अपना स्थान बना चुका है। इसे बनाने में मंत्री श्री शुक्ल और प्रदेश की सरकार का विशेष योगदान रहा है। व्हाइट टाइगर सफारी में पर्यटयकों की संख्या तथा आय में दिनों-दिन वृद्धि हो रही है। आज तितली घर के शुभारंभ तथा एक नये सफेद बाघ की प्राप्ति के रूप में इसे दो उपलब्धियां हासिल हुई हैं। कार्यक्रम में व्हाइट टाइगर सफारी के संचालक सूरज सिंह सैयाम ने कहा कि इसमें प्रस्तावित 40 में से 34 बाड़ो का निर्माण पूरा हो गया है। शेष कार्यों का तेजी से निर्माण कार्य किया जा रहा है। व्हाइट टाइगर सफारी प्राकृतिक वातावरण में निर्मित विश्व का सबसे सुन्दर प्राणी उद्यान है। समारोह में नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, श्री विवेक दुबे, मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, डीएफओ रीवा अनुपम शर्मा, डीएफओ सतना विपिन पटेल तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# मऊगंज में विद्युत महाचौपाल में 344 आवेदनों में हुई सुनवाई

**रीवा (ब्यूरो)।** मऊगंज जिला मुख्यालय में मध्यप्रदेश विद्युत वितरण



कंपनी द्वारा महाचौपाल का आयोजन किया गया। इसमें 344 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुये। इनमें सर्वाधिक 210 आवेदन बिजली बिलों में सुधार के थे। इसके साथ-साथ खराब ट्रान्सफार्मर को बदलने के लिए 47 आवेदन पत्र बिजली की केबिल सुधारने के लिए 38 आवेदन पत्र तथा 39 अन्य आवेदन पत्र प्राप्त हुये। इस संबंध में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि आमजनता की बिजली संबंधी कठिनाईयों को दूर करने के लिए विद्युत महाचौपाल का आयोजन किया गया। ट्रान्सफार्मर बदलने के 47 आवेदन पत्रों में अधिकतम 20 दिनों की अवधि में सभी ट्रान्सफार्मर बदल दिये जायेंगे। बिजली बिलों में सुधार की कार्यवाही 3 दिवस में पूरी हो जायेगी। अक्टूबर माह में उपभोक्ताओं को संशोधित बिल प्राप्त होंगे। कलेक्टर ने बताया कि आरडीएसएस योजना में मऊगंज जिले में 1200 नये ट्रान्सफार्मर लगाये जायेंगे। इसमें 63 किलोवाट क्षमता तथा 100 किलोवाट के क्षमता के ट्रान्सफार्मर लगाये जायेंगे। इनसे पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बेहतर होगी। ट्रान्सफार्मरों की क्षमता बढने से लोड कम होगा और ट्रान्सफार्मरों के बार-बार खराब होने की स्थिति नही बनेगी।

# जनसंपर्क मंत्री ने किया वाटरफ्लाई पार्क का लोकार्पण तथा रेप्टाईल पार्क का शिलान्यास

**मुकुन्दपुर व्हाइट टाइगर सफारी को सफेद बाघों का ब्रीडिंग सेंटर बनाये - मंत्री राजेंद्र शुक्ल**





**रीवा (सम्भागीय ब्यूरो) ।** जनसंपर्क तथा पीएचई मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी मुकुन्दपुर में वाटर फ्लाई पार्क का लोकार्पण किया। मंत्री श्री शुक्ल ने वहां 3 करो? रूपये की लागत से बनाये जा रहे रेप्टाईल पार्क का भूमिपूजन किया इसमें 12 किस्मों के साँप रखे जायेंगे। मंत्री श्री शुक्ल ने व्हाइट टाइगर सफारी को दिल्ली से प्राप्त सफेद बाघ को बा? में छो?ा इस अवसर पर मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि व्हाइट टाइगर सफारी में आज सफेद बाघ के रूप में नया मेहमान आया है। ग्वालियर से शीघ्र ही सफेद बाघों का नया जो?ा मिलने की उम्मीद है। व्हाइट टाइगर सफारी को सफेद बाघों का ब्रीडिंग सेंटर बनाये। इस दिशा में वन विभाग के विशेषज्ञ लगातार प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों के फलीभूत होते ही व्हाइट टाइगर सफारी को विश्व में अनूठा स्थान प्राप्त हो जायेगा। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि व्हाइट टाइगर सफारी की स्थापना वर्ष 2016 में की गयी थी तब से लगातार इसका विकास और विस्तार किया जा रहा है। इसमें लगभग 250 वन्य प्राणी हैं। आज वाटर फ्लाई पार्क




का शुभारंभ किया गया है यह विश्व स्तरीय पार्क है। इसके साथ ही रेप्टाईल पार्क निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया गया है। व्हाइट टाइगर सफारी के निर्माण के बाद विन्ध्य में 46 सालों के बाद सफेद बाघों की वापसी हुई। इसके विकास के लिए लगातार प्रयास किये जाते रहेंगे। समारोह में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने कहा कि व्हाइट टाइगर सफारी विन्ध्य क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में अपना स्थान बना चुका है। इसे बनाने में मंत्री श्री शुक्ल और प्रदेश की सरकार का विशेष योगदान रहा है। व्हाइट टाइगर सफारी में पर्यटयकों की संख्या तथा आय में दिनों-दिन वृद्धि हो रही है। आज तितली घर के शुभारंभ तथा एक नये सफेद बाघ की प्राप्ति के रूप में इसे दो उपलब्धियां हासिल हुई हैं। कार्यक्रम में व्हाइट टाइगर सफारी के संचालक सूरज सिंह सैयाम ने कहा कि इसमें प्रस्तावित 40 में से 34 बा?ो का निर्माण पूरा हो गया है। शेष कार्यों का तेजी से निर्माण कार्य किया जा रहा है। व्हाइट टाइगर सफारी प्राकृतिक वातावरण में निर्मित विश्व का सबसे सुन्दर प्राणी उद्यान है। समारोह में नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, श्री विवेक दुबे, मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, डीएफओ रीवा अनुपम शर्मा, डीएफओ सतना विपिन पटेल तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा और मुख्यमंत्री श्री चौहान का हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत



**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा के साथ हेलीकाप्टर से चित्रकूट पहुंचे। चित्रकूट पहुंचने पर आरोग्य धाम स्थित हेलीपैड पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा और मुख्यमंत्री श्री चौहान का आत्मीय स्वागत किया गया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केंद्रीय विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल, खजुराहो सांसद बीडी शर्मा, सांसद सतना गणेश सिंह, सांसद बांदा आर के पटेल, कलेक्टर अनुराग वर्मा, डीआईजी मिथलेश शुक्ला, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, डी आर आई के संगठन सचिव अभय महाजन, जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष चित्रकूट साधना पटेल भी उपस्थित रहे।

**लाड़ली बहना योजना की राशि आगामी समय में बढ़ाकर 3 हजार रुपये तक किया जाएगा :मंत्री डॉ. भदौरिया**

# सहकारिता मंत्री ने अटेर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रम में 1891 लाख सेअधिक लागत के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आमजन और मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में विकास की गंगा बहा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और विकास के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन विकासमूलक और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर के पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचाकर उसे विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम सरकार द्वारा निरंतर किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि जिले का हर गांव आत्म निर्भर हो इसके लिए हम सबको शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए आर्थिक स्वावलंबी होना होगा। मुख्यमंत्री जी ने रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर प्रदेश की लाड़ली बहनों को उपहार स्वरूप लाड़ली बहना योजना की राशि को बड़ाकर अब 1250 कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रक्षाबंधन मानने के लिए रू 250 रुपए की अतिरिक्त किश्त भी सभी लाडली बहनों के खाते में दी है।आगामी समय में योजना की राशि को बड़ाकर 3 हजार रूपये तक किया जायेगा।उन्होंने कहा कि गांव का एक भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे। यही हम सबका ध्येय है। उन्होंने गांव में मुहैया कराई जा रही बुनियादी सुविधाओं को भी रेखांकित किया जिसमें मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी व कृषि के क्षेत्र में हुए नवाचारों के संबंध विस्तार से जानकारी दी।सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हर गाँव में विकास की रोशनी पहुँचायी है। मध्यप्रदेश आज बीमारू राज्य



नहीं बल्कि एक विकसित राज्य की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। विकास की इस गाथा में किसी एक व्यक्ति को श्रेय दिया जाना हो तो निरूसंदेह उसका श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जाता है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री जी ने गरीबी उन्मूलन, कुपोषण, गरीब बेटियों के विवाह और जिनका कोई नहीं है उनके लिये संबल जैसी अभूतपूर्व योजनाएँ बना कर और सफलता से क्रियान्वित कर जरूरतमंदों को लाभान्वित किया है। आज प्रदेश बिजली, पानी, सड़क के साथ जैविक खेती में भी अग्रणी है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार द्वारा हर समाज को सशक्त और सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुविधा हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न प्रकार की योजनाएं प्रारंभ की हैं। यह अपने आप में एक अनोखा उदाहरण है। उन्होंने योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि उज्जवला योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना और अब लाड़ली बहना योजना शुरू की है।उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ-साथ मुख्यमंत्री सम्मान निधि का भी लाभ मिल रहा है। जिससे खेती में पूरा सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि को बड़ाकर 6 हजार रूपये प्रतिवर्ष करने की घोषणा की गई है, जिससे किसानों को प्रतिवर्ष पीएम एवं सीएम किसान सम्मान निधि से 12 हजार रुपए की राशि मिलने से कृषि लागतों को पूरा करने में आसानी होगी। इस राशि से कृषि कार्य उपयोग में आने वाली दवाई, खाद और बीज खरीदने में अब आसानी होगी।

**अटेर क्षेत्र में अनेक विकास कार्यो का भूमिपूजन हुआ**-सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया द्वारा विकासखण्ड अटेर के ग्राम खुर्द, महापुर, देहरा, जमसारा, कदौरा में 18 करोड़ 91 लाख की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जिसमें ग्राम खुर्द में नलजल योजना लागत 259.21 लाख, खुर्द से बरोही पहुंच मार्ग लंबाई 5.60 किमी. लागत 443.69 लाख, ग्राम महापुर में प्रधानमंत्री मार्ग से स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच मार्ग लम्बाई 3.10 किमी. लागत 214.23 लाख, ग्राम देहरा में देहरा से बगुलरी पहुंच मार्ग लम्बाई 3.60 किमी. लागत 331.10 लाख, ग्राम जमसारा में जमसारा नहर मार्ग से विण्डवा (मघारा) की पुलिया पहुंच मार्ग लम्बाई 2.85 किमी. लागत 261.25 लाख, जलजीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत जमसारा में नल जल योजना लागत 153.25 लाख, ग्राम कदौरा में भिण्ड अटेर पोरसा मार्ग पर कदौरा मुख्य मार्ग हरिजनों का पुरा (अनुसूचित जाति बस्ती) पहुंच मार्ग लंबाई 1.40 किमी. लागत 131.69 लाख, जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत कदौरा में नल जल योजना लागत 97.48 लाख का भूमिपूजन किया।

# रीवा में 25 अपराधियों का जिलाबदर, 2 के खिलाफ 2 हजार पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, 150 का होगा बाउंडओवर



**रीवा (ब्यूरो)।** जिले में पुलिस कप्तान विवेक सिंह ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। यहां शहर से लेकर देहात तक 25 अपराधियों का जिलाबदर कराया गया है। वहीं 2 बदमाशों के खिलाफ हूरू लगा है। इसी तरह 2 हजार बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई प्रस्तावित है। हम आने वाले दिनों में 150 लोगों पर बाउंडओवर होगा।नियम तोड़ने पर बड़ा एक्शन होगा। पिस्टल और आर्म्स दिखाने वाले नहीं छोड़े जाएंगे। कई जगहों पर जमीन विवाद के कारण मारपीट होती है। बड़े मामलों में ला एण्ड आर्डर की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसे में पुलिस विवाद को रोकने के उद्देश्य से उनके खिलाफ 107/16 की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करेगी।

**कानून-व्यवस्था को बनाने ठोस कदम उठाए**-पुलिस कप्तान विवेक सिंह ने बताया कि आगामी माह में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है। साथ ही जिले की कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाए गए है। बीते माह 25 जिला बदर के प्रकरण बनाए गए है। 2 शातिर बदमाशों के खिलाफ एनएसए लगाया गया है। दो हजार से ज्यादा आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। आगे कहा कई ऐसे अपराधी तत्व है।कहीं शांतिभंग करने की कोशिश कर रहे है। उनको तत्काल चिहिन्त किया जा रहा है। आने वाले दिनों में 150 लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी। जहां भी विवाद की संभावना है। वहां बाउंड ओवर कराएंगे। अगर बाउंड ओवर के नियत तोड़ेगे है तो उनको बाउंड डाउन होगा। साथ ही जमानत जब्त की जाएगी। गांव-गांव अपराधियों की कुंडली खंगाल रहे है। दो पक्षों के विवाद पर भी कार्रवाई होगी।

# रीवा के शहरवासी हो जाएं सावधान! मुख्य बाजार और चौक चौराहों में घूम रही ठगों की गैंग, 20 दिन में 4 महिलाओं के उठाए जेवर, अलर्ट जारी

**रीवा (संभागीय ब्यूरो)।** जिले के शहरवासी इन दिनों सावधान हो जाएं! क्योंकि यहां मुख्य बाजार और चौक चौराहों में ठगों की गैंग घूम रही है। जो भूत-प्रेत व धन हानि का झांसा देती है। जब महिलाएं डर जाती है। तब सोने-चांदी के जेवरात उरवा लेते है। फिर चकमा देकर फरार हो जाते है। इस तहर की वारदात 20 दिन के अंदर शहर की चार जगहों पर हुई है। ऐसे में एसपी विवेक सिंह ने अलर्ट जारी किया है। कहा है कि यदि कहीं भी इस तरह की घटना सामने आए, तो तुरंत पुलिस को सूचना दे।बता दें कि रीवा शहर में पहली वारदात 10 अगस्त को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जेपी मोड के पास हुई। वहां महिला के हजारों रुपए के जेवरात लेकर ठग फरार हो गए। इसी तरह दूसरी वारदात 17 अगस्त को अमहिया थाना क्षेत्र के सिरमौर चौराहा, तीसरी वारदात 25 अगस्त को समान थाना क्षेत्र के पीके स्कूल के पीछे और चौथी वारदात 31 अगस्त को अमहिया थाना क्षेत्र के ललपा तालाब के पास हुई है। चोरों ही मामलों में प्रकरण कायम है। पुलिस आरोपियों को सीसीटीवी कैमरे की मदद से खोज रही है।एसपी विवेक सिंह ने कहा है कि करीब एक डेढ महीने के अंतराल में चार घटनाएं सामने आई है। जिसमे हमने देखा कि यदि कोई महिला कहीं अकेले जाती है। तब आरोपी पीछा कर लेते है। फिर तंत्र-मंत्र की बाधा बताते है। उनको बातों ही बातों में उलझा देते है। कुल मिलाकर महिलाओं को बसीभूत कर लेते है। वे महिलाओं के आभूषण उतरवा लेते है। ये सभी घटनाएं शहरी क्षेत्र में हुई है। रीवा पुलिस की अपील है कि कोई भी महिला झांसे में न आए। महिलाएं अपने विवेक का इस्तेमाल करें। कतई भ्रमित न हो।हमने चारों जगहों से सीसीटीवी फुटेज खंगाल लिए है। जांच में पता चला है कि ये शातिर बदमाशों का एक ग्रुप है। जो शहर में घूम रहा है। यह बारी-बारी से लोगों को निशाना बनाकर दूसरे शहर चले जाते है। बदमाश युवक महिलाओं की भावनाओं से खेलते है। कहते है कि आपके बेटे व पति के ऊपर आफत आने वाली है। किसी चीज का साया है। ऐसे में सोने व चांदी की धातु न पहने। आप हमारी पोटली में रख दे। महिलाएं भय में आकर अपनी ज्वेलरी उतार देती है। हमारी अपील है कि अनजान युवकों से बात न करें। जागरूक बने। अपने घर वालों से चर्चा करें। फिर अगला कदम उठाएं।



# रीवा की महाना नदी में डूबा युवक, 5 परिवारिक भाई क्योटी जलप्रपात आए थे पिकनिक मनाने, नहाते समय हुआ हादसा

रीवा (ब्यूरो)। जिले में गड़ थाने की लालगांव चौकी अंतर्गत महाना नदी में एक किशोर की जल समाधि हो गई। पुलिस का कहना है कि 5 परिवारिक भाई अतरैला से चार पहिया वाहन में सवार होकर 40 किलोमीटर दूर क्योटी जलप्रपात पिकनिक मनाने आए। वहां वाटरफॉल की तरफ गए। पर पानी कम था। ऐसे में क्योटी-लालगांव मार्ग पर बनी पुल और जलप्रपात के मध्य भरी महाना नदी के पानी में मस्ती करने लगे।पर तैरना किसी को नहीं आता था। सभी नदी में उझल कूद कर रहे थे। इसी बीच 17 वर्षीय युवक नदी की गहराई में जाकर डूब गया। शोर सुन आसपास के लोग दौड़े। जिन्होंने चार किशारों को बचा लिया है। घटना के बाद जिला मुख्यालय से स्ष्ठक्रस्न के जवान बुलाए गए। जिन्होंने साड़े तीन घंटे के अंदर लाश को बरामद कर लिया है। मर्ग कायम कर पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



**मृतक अतरैला का रहने वाला है**-लालगांव चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि अमरीश द्विवेदी पुत्र रोहिणी द्विवेदी 17 वर्ष निवासी अतरैला शनिवार की दोपहर तीन बजे महाना नदी में डूब गया था। उसको जिला मुख्यालय से आई एसडीआरएफ टीम के प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विनीत शुक्ला, अनिल, हरिओम, भरत, ठाकुर सिंह, मुकेश आदि जवानों ने रेस्क्यू कर साड़े छह बजे शव निकाल लिया है।

**गंगेव में हुआ पीएम**-देर शाम लाश को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई की गई। इसके बाद गंगेव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मर्चुरी में शव को रखवा दिया था। रविवार को परिजनों की मौजूदगी में पीएम कराया गया है। परिजनों ने बताया कि रक्षाबंधन त्योहार के चलते परिवार के बच्चे एकत्र हुए थे। मृतक कुछ दिनों पहले भी क्योटी जल प्रपात घूमने आया था। दूसरी बार चचेरे भाईयों के साथ आना जान पर भारी पड़ गया।

# ठेकेदार द्वारा हनुमना में नाली निर्माण में किया जा रहा घटिया सामग्री का उपयोग

## नगर परिषद के अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण कार्यों में हो रही जमकर धांधली

**रीवा ब्यूरो** - मऊगंज जिले के हनुमाना नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 7 मसुरिहा में हो रहे नाली निर्माण में धड़ल्ले से किया जा रहा घटिया सामग्री का उपयोगदरअसल आपको बता दे की नगर परिषद हनुमाना के अधिकारियों और इंजीनियर की मिलीभगत से निर्माण कार्यों में जमकर धांधली की जा रही है। नगर के वार्ड न.07 में नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में जमकर मनमानी की जा रही है। जिसमे न तो सीमेंट की सही मात्रा डाली जा रही है और न ही गिट्टी की कोई माप है। यहां मिट्टी युक्त गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। मिट्टी युक्त गिट्टी का प्रयोग कर मिक्सर मशीन से मसाला बनाकर नाली की सेंटरिंग में बिछाया जा रहा है। जिसे साफ तौर पर देखा जा सकता है यह नाली कितने दिन चलेगी यह देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है जब स्थानीय लोग इसका विरोध करते हैं तो ठेकेदार द्वारा कहा जाता है कि मैं ऐसे ही काम करता हूं जिसको जो करना हो वह करें जबकि मध्य प्रदेश शासन का निर्देश है की कोई भी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए ताकि शासन द्वारा दिए गए पैसे का सदुपयोग सही ढंग से हो सके अब देखना है कि अभी हाल में बने नवीन जिले मऊगंज के वरिष्ठ अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेते है और इन पर कोई कार्यवाही करते है इस पर निगाहें सबकी टिकी है या ठेकेदार द्वारा ऐसे ही नाली निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जाएगा।




# मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 11 सितम्बर तक आवेदन कर सकते है

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत दावा-आपत्ति के लिए आवेदन करने की तिथि बड़ा दी गई है। अब कोई भी नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 11 सितंबर तक आवेदन कर सकता है।1 अक्टूबर 2023 तक जिन युवाओं ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर हो रही है, उनका नाम भी मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा।फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के अंतर्गत दावा-आपत्ति के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पहले अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई थी। जिसमें अब वृद्धि करते हुए अब 11 सितंबर तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे। मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2023 के अंतर्गत 11 सितंबर तक दावा-आपत्ति के आवेदन लिए जाएंगे। प्रत्येक कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में प्रदेश के सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे।मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आए आवेदनों को प्राप्त करेंगे। जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है वे ऑनलाइन आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं, इसके लिए नागरिकों को वोटर.इसीआई.गवर्नमेंट. इन अथवा वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से आवेदन करना होगा।

# नर्मदा जल, रेल इंजन कारखाना अब आईटीसी ओद्योगिक ईकाई का झांसा लेकर आए हैं सीएम - पूर्व विधायक रमेश सक्सेना

**सीहोर।** रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज ड्क्षसह चौहान जिला मुख्यालय स्थित बढियाखेडी आद्योगिक क्षेत्र में आईटीसी ओद्योगिक ईकाई का भूमि पूजन करने आ रहे हैं। इस पर पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश सक्सेना ने इसे चुनावी भूमि पूजन बताया है उन्होंने कहा आज से दस साल पहले भी सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर-भोपाल बायपास स्थित ग्राम शेरपुर में रेल डीजल इंजन कारखाने का भूमिपूजन किया था। कारखाने का अता पता नहीं। यहां पर सिर्फ दौलतराम इंडस्ट्रीज का बोर्ड दिखाई देता है। शिवराज सिंह चौहान ने सीएम रहते सीहोर जिला मुख्यालय के



लिए कुछ नहीं किया। वह सीहोर को रोजगार दिलाने में नाकाम रहे हैं, यह सिर्फ चुनावी झांसा है। रोजगार के लिए कुछ नहीं किया इसलिए यहां बेरोजगारों की बडी फौज तैयार हो गई है।जनता को लुभाने के लिए वह झूठे वादे और घोषनाएं करते हैं। सीहोर में नर्मदा जल लाने का वादा किया था। नर्मदा जल नहीं ला सके। क्योकि इनकी सीहोर विकास की कभी मंशा ही नहीं रही। मेडिकल कालेज की सौगात सीहोर को मिलना थी, अपनी विधानसभा बुधनी में ले गए। आज सीहोर मुख्यालय पर एक भी बडा कारखाना नहीं है शिवराज सिंह चौहान को सीएम रहते करीब 18 साल हो चुके हैं लेकिन इन्होने यहां उद्योग धंधे स्थापित करने के प्रयास नहीं किए। सीहोर विकास में भेदभाव किया गया है। सीहोर धार्मिक नगरी के रूप स्थापित हो चुका है जहां पर दूर दूर से श्रृद्धालु चिंतामन गणेश मंदिर और कुबेरेश्वर धाम दर्शन करने आते हैं किंतु अनेकों ट्रेनों का सीहोर रेलवे स्टेशन पर स्टापेज नहीं है। शहरवासियों द्वारा लगातार रेल स्टापेज की मांग उठाई गई, धरना प्रदर्शन, आंदोलन भी किए गए। लेकिन सीएम शिवराज सिंह चौहान और अन्य भाजपा के नेता इस और रूचि नहीं लेते। कहा कि अब जब प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं तो यह फिर से अपने झूठ का पिटारा लेकर आए हैं जनता इनके झांसे में नहीं फंसने वाली।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कामतानाथ स्वामी के दर्शन किये



राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

**सतना ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने चित्रकूट में कामदगिरि पहुंचकर भगवान कामतानाथ जी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कामतानाथ स्वामी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि तथा अच्छी बारिश होने की प्रार्थना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केंद्रीय विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद खजुराहो श्री बी डी शर्मा ने भी भगवान कामतानाथ स्वामी की पूजा अर्चना की।

## सूखे की आहट से किसानों के चेहरों पर छायी मायूसी

# औसत से कम बारिश होने से फसले हो रही चौपट, अधिकांश इलाकों में नहीं हुयी धान की रोपाई

**(ब्यूरो)रीवा/गुढ़।** देशभर में भले ही बाड़ ने तबाही मचाई होड़परन्तु रीवा जिले में औसत से भी काफी कम बरसात हुयी है।ड़बरसात का सीजन खत्म होने को है परन्तु रीवा जिले के किसान अब भी बारिश के इंतजार में हैं। इस वर्ष मानसून की औसत से बहुत कम हुई वर्षा से खरीफ की फसलों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है, वहीं मानसून के पूरी तरह से कमजोर पड़ जाने से इस वर्ष धान का कटोरा माना जाने वाला रीवा के मैदानी क्षेत्र में लगभग 35 प्रतिशत से भी कम धान की रोपाई हो पाई है।

**जबकि इस इलाके में धान की पैदावार सबसे ज्यादा होती है-** जानकारी के अनुसार अगस्त महीने तक जिले में औसतन 335 मिमी भी बारिश दर्ज नहीं हुई है। जबकि सामान्य औसत बारिश 1130 मिमी है। पूरे अगस्त महीने में बारिश के थमने के कारण सबसे ज्यादा नुकसान अन्नदाताओं को हुआ है। खरीफ की फसल करीब-करीब चौपट होने की कगार पर पहुंच गयी है। मैदानी क्षेत्र को पूर्व से धान का कटोरा माना जाता रहा है। किसान अब बारिश होने की उम्मीद भी छोड़ दे रहे हैं। अब धान रोपाई का सीजन भी समाप्त हो गया है।रीवा जिल के गुढ़ क्षेत्र के बदवार, बरसैता, दुआरी, चौडियार, हर्दी, हरदुआ, भीटा, रायपुर कर्चु0 सहित ऐसे सैकड़ों गांव हैं जहा के अधिकांश



खेत परती पड़े हुये हैं। किसान धान के बीज डाल कर रोपाई के लिये बारिश की प्रतीक्षा कर रहे थे, लेकिन अब वे पूरी तरह से निराश हो गये हैं। निराश, हताश होकर अन्नदाता अपने-अपने किस्मत को कोस आगामी भविष्य की चिंता करने लगे हैं। अधिकांश किसानों के आमदनी का स्रोत फसलें हैं। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से लेकर अन्य कार्यो के लिये वे फसलों के उत्पादन पर ही निर्भर रहते हैं। इधर बारिश न होने से दलहनी-तिलहनी सहित अन्य फसलें भी सूखने की कगार पर हैं। इससे किसानों की चिंता और बड़ गई है।गुढ़ क्षेत्र के दूरस्थ अंचल गुढ़, चौडियार इलाके में बिजली की ऑख मिचौली एवं आपूर्ति बन्द होने से इस उमस भरी गर्मी में लोग परेशान हैं। वहीं बिजली के गुल रहने से फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। स्थानीय प्रतिनिधि के अनुसार इस क्षेत्र में बिजली की ऑख मिचौली का खेल आम बात हो चुकी है। इस समय पर एक सप्ताह से पूरे दिन बिजली की आँख मिचौली शुरु रहती है तथा चौडियार सहित आस पास के गांवो मे बिजली रात रात भर गायब रहती है। सूचना देने के बाद भी बिजली की आपूर्ति बहाल नहीं की जाती। बताया जा रहा है कि एक ओर जहाँ बारिश न होने से फसलें सूख रही हैं वहीं दूसरी ओर बिजली भी दगा दे रही है। इसके कारण अन्नदाताओं की फसलें चौपट हो रही है। यहाँ के ग्रामीणों ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है। बारिश के न होने से सबसे ज्यादा परेशानी मवेशियों को हो सकती है। उनके सामने दाना-पानी का संकट मडरायेगा। स्थिति यह है कि अधिकांश जल स्रोत नालों में कहीं-कहीं चुल्लू भर भी पानी नहीं है। यही स्थिति तालाबों की भी है। नदियों में कुछ हद तक पानी है। लेकिन अधिकांश गांव नदियों से काफी दूर हैं। जबकि क्षेत्र की नहरे भी जगह फूट जान के कारण नहर भी सूख चुकी है जिस कारण से किसान त्राहि त्राहि कर रहा है लेकिन स्थानीय जन प्रति निधि अपना बोट बैंक बनाने के लिए वादे पर वादे कर रहे है लेकिन किसानो की समस्याओ की ओर ध्यान नही दे रहे है। जंगलों के नाले भी सूखे पड़े हुये हैं ऐसे में मवेशियों के सामने पानी का भी संकट मड़राता दिख रहा है। चारा घास भी सूख रहे हैं। मवेशी इन दिनों खेतों में धावा बोल रहे हैं। अन्नदाता इन मवेशियों से भी परेशान हैं।

# मिचकुरिन हेलीपैड पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी का स्वागत



राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा के साथ हेलीकाप्टर से चित्रकूट पहुंचे। चित्रकूट में भगवान कामतानाथ स्वामी के दर्शन और पूजा अर्चना करने के पश्चात मझगवां के मिचकुरिन स्थित हेलीपैड पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा और मुख्यमंत्री श्री चौहान का आत्मीय स्वागत किया गया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केंद्रीय विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जनसम्पर्क मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल, खजुराहो सांसद बीडी शर्मा, सांसद सतना गणेश सिंह, सांसद बांदा आर के पटेल, महापौर सतना योगेश ताम्रकार, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार और शंकरलाल तिवारी भी उपस्थित रहे।

# सोनिया को राहुल, लालू को तेजस्वी, ममता को भंतीजे और अखिलेश को डिंपल की चिंता : जेपी नड्डा

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुंबई में हुई विपक्षी दलों की बैठक पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों को दिल्ली और देश की चिंता नहीं है बल्कि अपने-अपने परिवार की चिंता है और अपने-आपको बचाने की फिक्र है।

जेपी नड्डा ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के गाज़ियाबाद से भाजपा के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम 'मेरी माटी, मेरा देश' का शुभारंभ करने के बाद मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आगे ले जा रहे हैं तो वहीं मुंबई में इकट्ठा होने वाले लोग वे हैं जो परिवार को आगे ले जाना चाहते हैं। नड्डा ने कहा कि सोनिया गांधी को राहुल गांधी की चिंता है, लालू को तेजस्वी की चिंता है, अखिलेश को डिंपल की चिंता है, उद्धव ठाकरे को महाराष्ट्र की नहीं आदित्य ठाकरे की चिंता है, ममता बनर्जी को बंगाल की नहीं भतीजे की चिंता है ङ्क परिवारवाद के कारण ही शरद पवार की पार्टी टूटी है। उन्होंने आगे कहा कि मां-बेटे जमानत पर है, लालू यादव को सजा मिली हुई है, मनीष सिसोदिया जेल में है। नड्डा ने तुष्टिकरण को लेकर भी इन दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि



कर्नाटक में हाल ही में सरकार बनाने वाली कांग्रेस मुस्लिम कोटा दे रही है। इसलिए इन लोगों को घर पर बैठाकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है।

भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से देश के गांव-गांव और घर-घर जाकर देश के 140 करोड़ लोगों को जोड़कर इस अमृत काल में 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प से जोड़ने का आह्वान किया। नड्डा ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान पहुंचा और यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है और आज भारत ने सूर्य का अध?ययन करने के लिए आदित्य एल -1 लॉन्च किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करने से पहले नड्डा ने गाजियाबाद मे शहीद मेजर मोहित शर्मा के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर 'अमृत वाटिका में पौधारोपण भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने राष्ट्रव्यापी अभियान 'मेरी माटी, मेरा देश' को लॉन्च किया है जो 15 सितंबर तक चलेगा। जनजागरण के इस कार्यक्रम के तहत हर घर से मिट्टी इकट्ठी की जाएगी। सांसद अपने क्षेत्र के हर गांव में जाकर अमृत वाटिका बनाएंगे, वहां से मिट्टी दिल्ली लाई जायेगी और इस मिट्टी से दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका बनाई जाएगी।

## आदित्य-एल1 के सफल लॉन्च पर मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को देश के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा,' चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा जारी रखी है। भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई। बेहतर विकास के लिए हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे।'



## नए भारत की सामर्थ्य का प्रतीक आदित्य-एल 1 की लांचिंग : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदित्य-एल 1 की लांचिंग को नए भारत की सामर्थ्य का प्रतीक बताया है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया कि चन्द्रमा के साथ ही अब सूर्य भी आत्मनिर्भर भारत की शक्ति का साक्षी बनेगा। आदित्य-एल 1 की लांचिंग के लिए मुख्यमंत्री ने इसरो के वैज्ञानिकों की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री योगी ने ट्वीट किया कि संपूर्ण मानवता की सेवा के ध्येय के साथ आज 'नए भारत की सामर्थ्य का प्रतीक पीएसएलवी-सी 57/आदित्य-एल 1 मिशन सफलतापूर्वक लांच हो गया। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने भी आदित्य-एल 1 की लांचिंग पर इसरों के वैज्ञानिकों व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है।



## जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल गिरफ्तार

**मुंबई ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि गोयल पर कैनरा बैंक के साथ 538 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी करके अपराध के धन का शोधन करने का आरोप है। गोयल को ईडी के अधिकारियों ने मामले की जांच के सिलसिले में यहां अपने आफिस में बुलाया था। गोयल से लम्बी पूछताछ के बाद रात में उन्हें धन शोधन निवारक अधिनियम के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाली एजेन्सी ईडी ने जांच के सिलसिले में गोयल और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर इसी साल 19 जुलाई को तलाशी ली थी । इस कार्रवाई में अधिकारियों की टीमों ने मुंबई और कुछ अन्य स्थानों पर छापे डाले थे।



## मराठा आरक्षण पर केंद्र ले निर्णय : उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को मराठा आरक्षण पर निर्णय लेना चाहिए। केंद्र सरकार आरक्षण की सीमा बढ़ाकर मराठा समाज को न्याय दे सकती है। इस बारे में केंद्र सरकार को अध्यादेश लाना चाहिए। उद्धव ने आरोप लगाया किजालना में मराठा समाज के प्रदर्शनकारियों पर पुलिस का लाठीचार्ज सरकार प्रायोजित था। किसी जिम्मेदार शख्स के आदेश के बिना पुलिस इतना बर्बर लाठीचार्ज नहीं कर सकती। उद्धव ठाकरे बांद्रा के रंगशारदा सभागार में शिवसेना पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली अध्यादेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया था, लेकिन निर्णय पसंद नहीं आया तो उस निर्णय को केंद्र सरकार ने बदलने का काम किया। ठीक इसी तर्ज पर केंद्र सरकार को आरक्षण की सीमा बढ़ाने का निर्णय लेना चाहिए। इससे मराठा समाज के साथ अन्य कई समाज के लोगों को लाभ होगा।



## चंद्रयान-3- प्रज्ञान रोवर ने चांद पर तय की 100 मीटर की दूरी

**नई दिल्ली।** आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण के बीच चंद्रयान-3 से भी एक अच्छी खबर है। चंद्रमा की सतह पर प्रज्ञान रोवर ने




अबतक 100 मीटर की दूरी तय कर ली है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने प्रज्ञान रोवर के अबतक की चांद पर सैर का नक्शा जारी किया है। शनिवार को इसरो ने एक्स पर जानकारी साझा करके बताया कि प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा के पर 100 मीटर से अधिक की दूरी तय की है।

## आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण पर अमित शाह ने दी वैज्ञानिकों को बधाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण को लेकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई दी। शाह ने



ट्वीट कर कहा कि हमारे वैज्ञानिकों ने बार-बार अपनी शक्ति और प्रतिभा को साबित किया है। भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण पर राष्ट्र को गर्व और प्रसन्नता है। इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए टीम इसरो को बधाई। शाह ने कहा कि यह अमृत काल के दौरान, अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उल्लेखनीय है कि इसरो ने आज पूर्वाह्न 11:50 बजे आदित्य-एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब इसरो ने सूर्य मिशन को प्रारंभ किया है।

## आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण पर जितेन्द्र सिंह ने दी इसरो को बधाई, कहा- भारत के लिए एक शानदार क्षण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आदित्य एल-1 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर देश और इसरो को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज आदित्य एल-1 के प्रक्षेपण को देश ही नहीं पूरी दुनिया ने देखा। यह वास्तव में भारत के लिए एक शानदार क्षण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए जितेन्द्र सिंह ने कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र को बढ़ावा दिया और देश के लोगों को समझाया कि आकाश की कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने कहा कि आदित्य मिशन को सफल बनाने के लिए भारतीय वैज्ञानिकों ने कड़ी मेहनत की। सालों साल तक मेहनत करने के बाद यह क्षण आता है, यह पल है राष्ट्र के प्रति प्रतिज्ञा को पूरा करने का पल। उन्होंने कहा कि आदित्य एल-1 का सफल प्रक्षेपण संपूर्ण-विज्ञान और संपूर्ण-राष्ट्र के दृष्टिकोण का भी प्रमाण है, जिसे हमने अपनी कार्य संस्कृति में अपनाया है।



## शाह ने कांग्रेस की भूपेश सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे का आज शनिवार को दूसरा दिन है। इसके अलावा भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के कई बिंदुओं की पोल खोली है। साथ ही कांग्रेस की वाली भाजपा सरकार चाहिए। ये दिल्ली के दरबारियों की सरकार बदलना है।




शाह आज पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑटोडोरियम में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता की ओर से आरोप पत्र प्रस्तुत किया। भाजपा का आरोप पत्र छत्तीसगढ़ी में लिखा है। कांग्रेस के पांच बछर, छत्तीसगढ़ होगे तितर बितर। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने 104 पेज का आरोप पत्र जारी किया है। जिसमें अटल बिहारी के संदेशों को भी शामिल किया गया। प्रमुख योजनाओं पर सवाल उठाया। वहीं नक्सल घटनाओं के जरिए सरकार पर टारगेट किलिंग का आरोप भी आरोप लगाया।

इस दौरान शाह ने कहा कि आने वाला चुनाव छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य का चुनाव है, जनता को तय करना है हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस सरकार चाहिए, या विकास का मार्ग प्रशस्त करने

**आरोप पत्र के मुख्य बिंदू**

जंगल में वन्य प्राणियों के तस्करों का साम्राज्य, मानव हाथी के बीच संघर्ष में भ्रष्टाचार, निर्माण कार्य ठप्प, अभिवक्ति का गला घोंटने वाली कांग्रेस, नक्सल घटना के बहाने टारगेट किलिंग का आरोप, सहायक शिक्षकों का दमन करने वाली सरकार, उद्योगों के साथ केवल कागजों में एमओयू हो रहे हैं।

## समुद्री ताकत आर्थिक और रणनीतिक उत्थान के लिए आवश्यक : धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राष्ट्र की आर्थिक वृद्धि और वैश्विक प्रभुत्व के लिए समुद्री हितों की रक्षा करने और विशेष रूप से हिंद महासागर क्षेत्र में वर्तमान भू-राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति में अतिरिक्त जिम्मेदारियां संभालने के लिए एक आधुनिक नौसेना की आवश्यकता है।

श्री धनखड़ ने मुंबई में 'प्रोजेक्ट 17ए' के तहत नीलगिरि श्रेणी के 'स्टील्थ फ्रिगेट्स' के सात युद्धपोतों में से अंतिम, महेंद्रगिरि युद्धपोत के जलावतरण के बाद कहा कि हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना ने सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नौसेना ने

भारत को 'शांतिपूर्ण, नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को सुरक्षित और सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी' के रूप में स्थापित किया है।

उप राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि भारत की समुद्री ताकत आर्थिक और रणनीतिक उत्थान



के लिए सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से एक समुद्री यात्रा वाला देश रहा है। भारत में लोथल जैसी दुनिया की सबसे पुरानी गोदियां थीं। उन्होंने कहा कि भारत का 90 प्रतिशत से अधिक व्यापार समुद्री मार्गों से होता है और वर्ष 2047 तक, भारत निश्चित रूप से एक वैश्विक नेता और एक स्थिर शक्ति के रूप में उभरेगा।

हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती, नशीले पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, अवैध प्रवासन और प्राकृतिक आपदाओं जैसी विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने भारतीय नौसेना के साहस, क्षमता और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भारतीय नौसेना की भूमिका शांति और सद्भावना के वाहक के रूप में रही है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण समय में लगातार प्रयासों के कारण प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जीवन और संपत्ति की क्षति काफी कम हो गई है।

## खडगे-प्रियंका ने आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग के लिए दी वैज्ञानिकों को बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) के आदित्य एल-1 मिशन के सफल प्रक्षेपण के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि इसरो लगातार इसी तरह की उपलब्धि से देश को खुशियां देता रहेगा। श्री खड़गे ने कहा, 'तमसो मा ज्योतिर्गमय - मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। हम आदित्य एल-1 मिशन के सफल प्रक्षेपण के लिए अपने वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष इंजीनियरों, शोधकर्ताओं और इसरो के हमारे कड़ी मेहनत करने वाले कर्मियों के ऋणी और आभारी हैं। हम सब मिलकर उनकी सफलता का जश्न मनाते हैं और अपनी कृतज्ञता के साथ उनका सम्मान करते हैं।'

उन्होंने कहा, 'भारत ने सूर्य



की यात्रा 2006 में शुरु की, जब हमारे वैज्ञानिकों ने सूर्य के लिए एक ही उपकरण के साथ एक सौर वेधशाला का प्रस्ताव रखा। जुलाई 2013 में इसरो ने आदित्य-1 मिशन के लिए सात पेलोड का चयन किया जिसे अब आदित्य-एल1 मिशन का नाम दिया गया है। नवंबर 2015 में, इसरो ने औपचारिक रुप से आदित्य-एल1 को मंजूरी दे दी।चंद्रयान मिशन, पहला- 2008, दूसरा- 2019 और तीसरा- 2023 और मंगलयान मिशन 2013 की शानदार सफलताओं के बाद, सूर्य का अध्ययन करने के लिए उपग्रह स्थापित करने की दिशा में हमारा रास्ता थोड़ा और सुरक्षित हो गया।'श्री खड़गे ने कहा, 'राष्ट्र ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान की क्षमता का निर्माण कुछ वर्षों में नहीं बल्कि दशकों में किया है और अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत की सफलता उसी अदम्य साहस और प्रतिबद्धता का फल है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, 'इसरो ने आज एक बार फिर इतिहास रचा है। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब सूर्य मिशन आदित्य एल-1 की सफल लॉन्चिंग करके इसरो ने अंतरिक्ष में भारत की ताकत को स्थापित किया है। इसरो की पूरी टीम और सभी देशवासियों को शुभकामनाएं। जय हिंद।'

## मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का लोगो और वेबसाइट की लॉन्च

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने शनिवार को राजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का लोगो और वेबसाइट को लांच किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट राज्य के लिए बेहतर अवसर है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार इन्वेस्टर्स समिट में 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार ने निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतियों में सुधार भी किये हैं और नई नीतियों को भी लागू किया है। विभिन्न क्षेत्रों के लिये 27 नीतियां प्रख्यापित की गई हैं। राज्य में 6 हजार एकड़ का लैंड बैंक भी तैयार किया गया है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उद्यमियों



के हितों का पूरा ख्याल रखा जाएगा। यह इन्वेस्टर्स समिट पूरे राज्य और सभी विभाग के लिए महत्वपूर्ण है। यह एक बड़ा अवसर है। इसका अधिकतम लाभ लेना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए देहरादून में संवाद और 21 अगस्त को दिल्ली में इंडस्ट्री समूह के साथ बेहतर माहौल में बातचीत हुई है। उत्तराखंड में निवेश को लेकर उद्योग जगत में रुचि है। इंडस्ट्री समूह के सभी लोग ब्रांड एम्बेसडर हैं। प्रदेश में निवेश और नए इन्वेटर्स को लेकर लोग तैयार हैं। राज्य में उद्योग को विस्तार के लिए ऐसे 15 से 20 हजार लोग निवेश के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि 2018 इन्वेस्टर्स समिट के अनुभव को लिया जा रहा है। हमारा लक्ष्य इस बार दोगुना है। ठोस तरीके से राज्य में निवेश के लिए काम करना है। प्रधानमंत्री मोदी के कथनानुसार 21वीं सदी में उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए काम करना है बल्कि देश के विकास में उत्तराखंड अपना योगदान भी देगा।

## आदित्य एल? -1 की सफलता से अंतरिक्ष यात्रा के नए अध्याय खुलेः धनखड़

**नई दिल्ली** उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने कहा है कि देश के पहले सूर्य अभियान आदित्य एल -1 की सफलता से अंतरिक्ष यात्रा के नए अध्याय खुले हैं। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को यहां बताया कि आदित्य एल- 1 के सफल प्रक्षेपण पर श्री धनखड़ ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन -इसरो के वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि भारत के पहले सूर्य अभियान आदित्य एल -1 के सफल प्रक्षेपण से अंतरिक्ष यात्रा का गौरवशाली अध्याय खुला है। श्री धनखड़ ने कहा, 'मैं इस उपलब्धि के लिए इसरो और उसके वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों को शुभकामनाएं देता हूं। इस बड़ी उपलब्धि से निश्चित रूप से सौर प्रणाली के बारे में हमारी समझ बढ़ेगी।'

## बिना अध्यात्म के भौतिक विकास कभी भी सुख-शांति का आधार हो नहीं सकता : राज्यपाल आचार्य देवव्रत

**आबूरोड (सिरोही)।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि आज वैज्ञानिकों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमें चांद पर पहुंचा दिया। ये सब घटनाएं मानव के भौतिक विकास की परिचायक हैं। हमने बड़े-बड़े कारखाने, रेल पटरियां बनाई, उद्योग स्थापित किए लेकिन जब आध्यात्मवाद की बात आती है तो हम बहुत पीछे चल रहे हैं। भौतिकवाद और आध्यात्मवाद जब एक-दूसरे का सहायक बनता है तो वह पूर्णता की ओर बढ़ता है। ब्रह्माकुमारीज़ इन दोनों चिंतन को लेकर आगे बढ़ रही हैं। हम आध्यात्मिक रूप से विकसित हुए बिना भौतिक साधनों का सदुपयोग नहीं कर पाएंगे। बिना अध्यात्म के विकास कभी भी सुख-शांति का आधार हो नहीं सकता है। महान साइंटिस्ट ने कहा था कि साइंस, विज्ञान और आध्यात्मवाद जब एक-दूसरे के पूरक बनते हैं तो वह इस परमात्मा द्वारा बनाई गई सृष्टि का आनंद लेते हैं।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत शनिवार को ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के शांतिवन परिसर स्थित डायमंड हाल में आयोजित कला-संस्कृति प्रभाग के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। इसमें देशभर से कला और संस्कृति प्रेमी भाग ले रहे हैं। सकारात्मक परिवर्तन की कला से आनंदमय जीवन विषय पर संबोधित करते हुए राज्यपाल आचार्य ने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार ये मानव के शत्रु हैं। असली विजय अंदर की विजय है। हमारे चिंतन में, वेदों में बाहर की जीत को जीत नहीं माना जाता था। असली जीत हमारे अंदर की जीत है। अंदर के शत्रुओं को जीतने वाला ही विजेता है। यहां का चिंतन हमारी खुराक है। वैदिक साहित्य का पुरातन खजाना सकारात्मक और विश्वव्यापी चिंतन है। हमारी असली खुराक अध्यात्म चिंतन है, जो ब्रह्माकुमारीज़ में मिलता है। राज्यपाल ने कहा कि यूएनओ के विधान में एक बात लिखी है कि जो युद्ध मैदान में लड़े जाते हैं, वह युद्ध पहले मानव मन की भूमि में लड़े जाते हैं। कोई सकारात्मक सोच को लेकर किसी से लड़कर दिखाए। कोई पहले मन को दूषित करेगा, क्रोध की आग, ईर्ष्या में जलाएगा तब ही दूसरों को दुख दे सकता है। इसलिए हम परमात्मा से कहते हैं कि हे! परमात्मा मेरा मन नियंत्रण में हो। राजयोग से ही मन पूरा नियंत्रण में आएगा। जीवन को सकारात्मकता की दिशा में बढ़ाएंगे तो पवित्रता आएगी, आनंद आएगा। यह चिंतन साधु-संत और ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा लोगों को दिया जा रहा है। हमने ही नारा दिया वसुधैव कुटुम्बकम।

# ग्वालियर में अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल एवं जल शक्ति वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सम्मान समारोह का किया आयोजन है

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** मीडिया प्रभारी अनिरुद्ध त्रिपाठी ने बताया कि आज ग्वालियर अखिल भारतीय हिंदू सेवा दिल एवं जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा आज सिद्धेश्वर नगर फक्कड़ बाबा हनुमान मंदिर मुरार ग्वालियर में स्नेह मिलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी अरुणेश सिंह भदोरिया एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल अशोक शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय हिंदू से दल रवि सोनी द्वारा समस्त समाजसेवी एवं बुजुर्ग गण का श्रीफल सोल देकर एवं पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आशुतोष तिवारी अध्यक्ष गृह निर्माण मध्य प्रदेश , मुन्नालाल गोयल पूर्व विधायक एवं बीज निगम अध्यक्ष , समीक्षा गुप्ता पूर्व महापौर , सुमन शर्मा प्रदेश कर समिति भाजपा , मौजूद रहे एवं पत्रकार समाजसेवी सम्मान समारोह में पत्रकार संजय भारद्वाज , अजय दुबे , अनिरुद्ध त्रिपाठी ,श्याम श्रीवास्तव , दिलीप कुशवाह, श्याम सुंदर शर्मा, सुरजीत राजावत, अवधेश शर्मा , अशोक पाठक आदि पत्रकार मौजूद रहे एवं समाजसेवी रामबरन शास्त्री अंबिका प्रसाद पचौरी रमेश शर्मा अनिल शर्मा सुधाकर पाठक सम्मान किया गया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल शर्मा इंडियन प्रदेश उपाध्यक्ष, संदीप सागौरिया जिला अध्यक्ष, राजू शर्मा जिला उपाध्यक्ष , संदीप शर्मा समाजसेवी विशेष भूमिका रही



# जे सुर कन्हैया के तो आश्रम बन गया वृंदावन

## -शीतला माता टीम ने कन्हैया गायन को दी नई ऊंचाई

-फ़ौजी की लगन रंग लाई, संत-महंत भी झूमे
-श्रेष्ठ टोलियों को नगद पुरस्कार से नवाजा गया

ग्वालियर। सहकार और लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए शीतला माता टीम की पहल पर चपटिया वाले महाराज के आश्रम में विशाल मेला लगा । इस मेले में ग्वालियर ग्रामीण के हजारों लोग अपनी कन्हैया गायन मंडली के साथ जुटे । फौजी सतेन्द्र सिंह घुरैया के संयोजन में संत महंत और बुजुर्गो का सम्मान किया गया । इसके बाद कन्हैया गायन का दौर चला तो ग्रामीणों के साथ वहां मौजूद संत-महंत भी झूम उठे।

युवा तरुणाई को भटकने से बचाने और भारत की ग्रामीण संस्कृति से जोड़े रखने के लिए शीतला माता टीम ने अभिनव-पहल की है । फौजी सतेन्द्र सिंह घुरैया से प्रेरणा लेकर ग्वालियर ग्रामीण के हजारों युवा इस मुहिम से जुड़ रहे हैं । रविवार को चपटिया वाले महाराज के आश्रम में भुजरियों का मेला और कन्हैया गायन इसी मुहिम की एक कड़ी थी । संत-महंतों ने जहां कन्हैया गायन का आनन्द लिया वहीं संयोजक सत्येन्द्र सिंह घुरैया और उनकी शीतला माता टीम की मुक्तकंठ प्रशंसा की । करह धाम के महंत महात्मा दीनबंधु दास, देवधाम सिरसा के महंत महात्मा शीतलदास और चपटिया वाले महाराज बालकदास जी ने माला पहनाकर फौजी सतेन्द्र सिंह घुरैया को आशीर्वाद दिया । संतों का कहना था कि निस्पृह भाव से की गई समाज सेवा से ही संस्कृति सुरक्षित रहती है । श्रेष्ठ कन्हैया गायन के लिए चयनित टोलियों को शीतला माता टीम की ओर से नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । कन्हैया गायन का दौर देर रात तक जारी रहा।

आयोजन समिति के उपसंयोजक इंजीनियर सुरेन्द्र सिंह (सोनू) घुरैया के अनुसार ग्वालियर ग्रामीण के अतिरिक्त अन्य जिलों के श्रद्धालु भी कन्हैया गायन का लुत्फ लेने के लिए आश्रम में पधारे । विशाल संख्या में ग्रामीण जनों ने आश्रम में सहभोज किया । प्रबंधन में जुटे सूरजभान सिंह गुनियां चाचा, शीतला माता टीम के सचिव रामनिवास महाना, ऊदल सिंह, जसवंत बिजौल, श्रीकिशन बिजौल ने इस विशाल आयोजन में मिले सहयोग के प्रति ग्रामीणों का आभार जताया।

**सहकार से संरक्षण**-राजधानी दिल्ली के प्रमुख समाजसेवी कुंवर संतोष सिंह के अनुसार कला हो या कि समाज, सहकार ही इनके संरक्षण का सशक्त माध्यम है । उन्होंने शीतला माता टीम के प्रयासों की प्रशंसा की और माना कि कन्हैया गायन जैसी विधा को विलुप्त होने से बचाने के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी है । इसी आशय के विचार धारासिंह नेताजी और सरदार कुलदीप सिंह ने भी व्यक्त किए।







# सृष्टि सेवा संकल्प, ग्वालियर इकाई द्वारा 3 सितम्बर 2023 को परिचर्चा एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ

## भोग के वातावरण में त्याग का संदेश दें- श्री प्रमोद जी झा

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर-** सृष्टि सेवा संकल्प, ग्वालियर इकाई द्वारा 3 सितम्बर 2023 को परिचर्चा एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन आई.आई.टी.टी.एम कॉलेज सभागृह, ग्वालियर में सम्पन्न हुआ। वृक्षारोपण से धरती माता का विशेष शृंगार करने वाले पर्यावरण प्रेमी श्री इंद्रदेव सिंह जी व उनके साथियों का
शाल, श्रीफल व स्मृतिचिन्ह से अभिनंदन किया गया।

**विशेष प्रयोग-**

1. आगंतुक महानुभावों का कंकु-अक्षत से तिलक कर व प्राकृतिक बेच (पत्तों से निर्मित) लगाकर स्वागत किया गया।
2. कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा वृक्षपूजन व दीप प्रज्वलन कर मंत्रोच्चार के साथ किया गया। एवं कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।
3. मंच पर कपड़े के बेनर का उपयोग किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता श्री प्रमोद जी झा( 30 वर्षों से संघ के प्रचारक रहे , वर्तमान में सामाजिक संगठनों के मार्गदर्शक व सृष्टि सेवा संकल्प के राष्ट्रीय मार्गदर्शक) व मुख्य अतिथि श्री के.पी सिंह जी भदोरिया(राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के सलाहकार), विशिष्ट अतिथि श्री रूपसिंह जी राठौड़




(सेवानिवृत्त सैनिक) रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राज जी चड्डा (संस्था संयोजक- दाना पानी 4 बर्ड्स) ने की। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता श्री प्रमोद जी झा ने बताया कि वृक्ष ही सृष्टि है। हमारी 80 त्न संसाधनों की पूर्ति वृक्षों से ही होती है। और देश की 50 त्न समस्याओं का हल भी वृक्षों से ही है। वृक्ष हमें सिखाते है कि अपकार करने वाले का भी उपकार करना चाहिए।चंदन का वृक्ष हमें शिक्षा देता है कि विसंगति का भी हम पर कोई असर नहीं होना चाहिए। आद्य शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद, महावीर स्वामी, गौतम बुद्ध आदि को पेड़ों के नीचे ही ÷सर्व खल्विदं ब्रह्म÷ का ज्ञान प्राप्त हुआ। जब पेड़ों के नीचे शिक्षा होती थी तब भारत दुनिया में विश्वगुरु था। जब हम अपने जीवन से भोग के वातावरण में त्याग का (तेन त्यक्तेन भुंजीथा) संदेश देंगे तभी पर्यावरण का संवर्धन हो सकेगा। टिश्यु पेपर के निर्माण में लाखों पेड़ों का बलिदान होता है इसलिए टिश्यु पेपर के स्थान पर कपड़े का रूमाल इस्तेमाल करने का संकल्प लेना चाहिए। ÷सृष्टि सेवा संकल्प÷ संगठन पर्यावरण के क्षेत्र में राष्टीय स्तर पर पर्यावरण की स्थानीय संस्थाओं को साथ लेकर वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने के लिए कार्यरत है। इस परिचर्चा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज द्वारा वृक्षारोपण को एक जनआंदोलन के रूप में खड़ा करना है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति नित्या कपिल शर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत शक्ति सिंह जी, पवन जी तोमर, सुनील जी राजपूत, सिद्धप्रताप जी व ब्रिजेश जी भदौरिया ने किया। संगठन का प्रतिवेदन श्री लोकेंद्र जी कामर ने किया। आभार लिया। सामूहिक गीत श्री हेमंत जी त्रिवेदी ने लिया।कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं का संचालन योगेन्द्र सिंह जी, गौरव जी राजपूत, पारख जी गुप्ता, कपिल जी शर्मा, नर्सिंग जी गुप्ता, राहुल जी आदि सृष्टिसकों में सम्भाला।

आभार व्यक्त श्री के सी शर्मा जीपर्यावरण विद द्वारा किया गया।

# अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन शुरू, 200 से अधिक परिचय हुये

**ग्वालियर।** अग्रवाल समाज की ओर से आयोजित अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज से देववन गार्डन छत्री मंडी पार्क लश्कर में शुरू हो गया, जो कल 4 सितंबर को भी जारी रहेगा। परिचय सम्मेलन विशेष रूप से अधिक उम्र वाले युवक युवतियों सहित विधवा, तलाकशुदा व दिव्यांगों के लिये उचित वर-वधू खोजने के लिये आयोजित किया गया है।परिचय सम्मेलन में आज पहले दि नही भारी भीड उमड़ी। विवाह योग्य युवक युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय भी दिया। सम्मेलन स्थल पर विवाह योग्य युवक युवतियों व उनके परिजनों की चर्चा के लिये कक्ष बनाये गये थे। जहां समाज के कार्यकर्ता सहयोग हेतु सक्रिय थे। इस मौके पर एक दो सैकढञ से भी अधिक परिचय हुये। सम्मेलन में ग्वालियर चंबल के अलावा पूरे प्रदेश से लोग आये थे। वहीं उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगड़ से भी लोगों की आवाजाही रही, जो अपने पुत्र-पुत्री के लिये सुयोग्य जीवन साथी की तलाश में आये हुये हैं। पूर्व में अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष सतीश गोयल ने सभी का स्वागत किया। वहीं मंच संचालन व परिचय गोविंद प्रसाद अग्रवाल, अजय वासु, नरेश सिंघल, विनीता तायल ने सम्हाला। इस मौके पर अग्रवाल संगठन की महिला विंग की इंद्रा मंगल, ममता सिंघल, डा. मंजुला अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल, डा. ज्योति अग्रवाल सहित अजय जैन, दीपक बंसल, राजेश गोयल, प्रेम अग्रवाल, शैलेन्द्र अग्रवाल, प्रभु मंगल, महेन्द्र अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, नीता सिंघल आदि ने व्यवस्था सम्हाली।




# रक्षा सूत्र का धागा भाई बहन के प्रेम का प्रतीक है : गोविंद भैया

भांडेर विधानसभा के ग्राम बेजपरा, हाशापुर में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे के जिले के महामंत्री गोविंद भैया परिहार ने भांडेर विधानसभा के वनवासी परिवार के बीच बीच बच्चियों से रक्षाबंधन के रक्षा सूत्र का धागा बनवाया साथ संकल्प लिया की बनवासी परिवार सदा मेरा परिवार है और मैं कोशिश करता हूं कि हर त्यौहार आप लोगों की बीच मनाया जाए इसी क्रम में उन्होंने बताया के श्री कृष्ण जन्माष्टमी तक रक्षाबंधन की राखी बनती है और इसके बाद श्री कृष्ण जन्माष्टमी तक प्रत्येक ग्राम में वनवासी परिवारों के बीच में जाने की कोशिश करूंगा और रक्षा सूत्र बंधवाऊंगा साथ ही उन्होंने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया और उनके माता-पिता को बताया कि हम लोग नशे से दूर रहे और सदा अपने बच्चों को पढ़ाय और अपनी संस्कृति के बारे में बताएं कि हमारे वेदों में भी वनवासी परिवार हमेशा त्याग और तपस्या का प्रतीक रहा है साथ ही उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित हितेषी योजनाओं की विशेष जानकारी दी और स्वच्छता के प्रति बच्चों व उनके माता-पिता को जागरूक किया इस अवसर पर बच्चो को शिक्षा सामग्री और उपहार भेंट किय इस अवसर पर उनके साथ महेंद्र चौहान डॉक्टर माधव सिंह कुशवाहा मदन आदिवासी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रवि नामदेव अटल यादव मुकेश शर्मा माता दिन अहिरवार आदि थे



# विधायक सतीश सिकरवार का जन्मदिन आज, 100000 लोग जुटेंगे

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस के कर्मठ विधायक डा. सतीश सिंह सिकरवार आज 4 सितंबर सोमवार को जन्मदिन है। श्री सिकरवार के जन्मदिन को लेकर समर्थकों व कांग्रेसियों में जबरदस्त उत्साह है। आज रात्रि 100000 से अधिक कांग्रेसी उनके ललितपुर कालोनी स्थित आवास पर उम?ंगे और जन्मदिन को सेलीब्रेट करेंगे। समर्थकों ने विधायक सिकरवार के जन्मदिन को लेकर विशेष तैयारियां की है। पूरा शहर श्री सिकरवार के बधाई बैनर, पोस्टरों से पटा है। समस्त कांग्रेसजन भी विधायक सिकरवार को जन्मदिन बधाई देने पहुंचेंगे। इसको देखते हुये सिकरवार परिवार ने भी व्यापक तैयारी की है। पूरी ललितपुर कालोनी में भी विधायक श्री सिकरवार के जन्मदिवस को लेकर उत्साह हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पूरे जिले व संभाग से विधायक समर्थक और कांग्रेसजन अपने नेता को बधाई देने पहुंचेंगे।

# पत्रकारों की आवश्यक बैठक कल, महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी चर्चा



**ग्वालियर ।** ग्वालियर प्रेस क्लब और मध्यप्रदेश पत्रकार संघ के सयुक्त तत्वाधान में फूलबाग स्थित ग्वालियर प्रेस क्लब परिसर में 4 सितंबर सोमवार को दोपहर 3 बजे एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। बैठक में लंबे अरसे से लंबित पत्रकार कालोनी लीज रेंट माफ करने, पत्रकार स्वास्थ्य बीमा राशि पूर्ववत करने, श्रद्धानिधी 25 हजार करने,पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने,दिवंगत पत्रकार के परिजनो को 10 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने,जिला स्तर पर पत्रकार कल्याण कोष बनाने, प्रेस टूर, कलेक्टर त्रिमासिक बैठक शुरू किए जाने, सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। सभी प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ,फोटो जर्नलिस्ट साथियों से अनुरोध है बैठक में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करे।

# बजरंग भक्त मंडल ने की 700 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा



बजरंग भक्त मंडल द्वारा कई वर्षो से मार्क हॉस्पिटल गौशाला गोला का मंदिर में प्रति सप्ताह की जाने वाली गौभोग सेवा के क्रम में आज मंडल के दानदाता गौसेवको के सहयोग से 700 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा की गई।

सेवा में 133 किलो की सेवा गुप्तरूप से,100 किलो की सेवा भरत गर्ग जी, 100 किलो की सेवा अनिल गुप्ता जी,100 किलो की सेवा ऋषभ गुप्ता जी,65- 65 किलो की सेवा, सीमा बाथम, रंजना मंगल एवं अंकुश कोटिया 35-35 किलो की सेवा आशा कुशवाह एवं मंजू रजक की ओर से की गई।मंडल के सदस्यों द्वारा कई बार खनोटो में श्रम दान के उपरांत भी उक्त खनोटो में नियमित रूप से साफ सफाई का कार्य नही किया जा रहा है सम्पूर्ण गौवंश गंदगी से भरे खनोटो में ही चारा खाने को हो रहा है मजबूर।मंडल के सदस्यों को उक्त खनोटो में अत्यधिक गंदगी पाई गई जिसकी वजह से मंडल के सदस्यों एवं गौसेवको द्वारा रोष व्यक्त किया गया।

सेवा में मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल,कोषाध्यक्ष राम किशोर मंगल,उपाध्यक्ष अमन गर्ग,कार्यकारिणी सदस्य विशाल अग्रवाल,नमन अवस्थी,हिमांशु बघेल,दीपक बघेल,मनीष राय,अंकुश कोटिया,हेमंत सिंह तोमर,शिवम सिंह,कौशल अग्रवाल,आर्यंश अग्रवाल,ऋषभ गुप्ता आदि सदस्य मौजूद थ

# केन्द्रीय पुस्तकालय में विद्यार्थियों ने एलईडी पर देखा आदित्य एल-1 की लॉचिंग का सीधा प्रसारण

**ग्वालियर।** ग्वालियर के विद्यार्थियों ने भारत के आदित्य एल-1 की लॉचिंग को शासकीय केन्द्रीय पुस्तकालय में एलईडी टीव्ही पर देखा । भारत के आदित्य एल-1 मिशन अंतर्गत अधिवेशन की खोज में एक मील का पत्थर है। यह मिशन भारतीय विज्ञान, इंजीनियरिंग, औद्योगिकी एवं उद्योग के साथ-साथ ब्राण्ड इंडिया के लिये भी एक ब?ा कदम है। भारत के आदित्य एल-1 की लॉचिंग एक यादगार अवसर था। विद्यार्थियों के मन में अंतरिक्ष विज्ञान अधिवेशन के लिये जिज्ञासा को बढ़ाया है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 2 सितम्बर को प्रात÷ 11.30 बजे इसरो वेबसाइट, इसरो फेसबुक पेज पर भी किया गया। ग्वालियर में केन्द्रीय पुस्तकालय में लगी एलईडी पर भी प्रात÷ 11.30 बजे इसका सीधा प्रसारण देखा गया। पुस्तकालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह और जोश के साथ जु?कर इस कार्यक्रम का लाभ लिया।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478